Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874


नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 258 | शुक्रवार, 19 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आईडीईएस अधिकारियों से बोले राजनाथ सिंह

# 'छावनियों को स्मार्ट और टिकाऊ शहरी इकोसिस्टम में बदलें'

**नई दिल्ली।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय रक्षा संपत्ति सेवा (आईडीईएस) के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे छावनियों को स्मार्ट, हरित और टिकाऊ शहरी इकोसिस्टम के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास करें और 2035 तक इसे प्राप्त करने का लक्ष्य रखें। यह सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा, जिसमें भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य है।

रक्षा संपत्ति महानिदेशालय द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि जन विश्वास अधिनियम, 2023 के माध्यम से छावनियों में मामूली अपराधों को अपराधमुक्त बनाने का सरकार का निर्णय वहां रहने और व्यवसाय करने को आसान बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि औपनिवेशिक युग के कानून अब बोझ लगते हैं और प्रशासनिक प्रणाली अक्सर जटिल हो जाती है। इन जटिलताओं को कम करने और नागरिकों के विश्वास पर आधारित शासन को बढ़ावा देने के लिए सरकार 2023 में जन विश्वास अधिनियम लेकर आई। इस कानून के तहत कुछ छोटे अपराधों को गैर-आपराधिक घोषित कर दिया गया है। अब इन मामलों में केवल जुमार्ना लगाया जाएगा। इस कदम से न केवल जीवन सुगम होगा, बल्कि व्यापार करने में भी आसानी होगी।

### 'जुमार्ना लगाते समय रखा जाए इस बात का ध्यान'

हालांकि, रक्षा मंत्री ने आगाह किया कि जुमार्ने की राशि गैर–आनुपातिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आप यह जानते हैं। लेकिन मैं आपको फिर भी याद दिलाना चाहता हूं कि जुमार्ना लगाते समय सावधानी और संतुलन बनाए रखना चाहिए। कभी–कभी संपत्ति की कीमत से भी ज्यादा जुमार्ना लगा दिया जाता है।

## हवा में चक्कर काटती रही इंडिगो की फ्लाइट



**नई दिल्ली।**

जोधपुर एयरपोर्ट पर गुरूवार दोपहर मुंबई से जोधपुर आ रही फ्लाइट को रनवे पर उतरने से पहले ही जोधपुर एयरपोर्ट से वापस उड़ान भरनी पड़ी।

इंडिगो की फ्लाइट की लैंडिंग जोधपुर एयरपोर्ट पर होनी थी लेकिन तकनीकी कारणों के चलते करीब 10 से 15 मिनट तक फ्लाइट हवा में चक्कर काटती रही। इसके बाद फ्लाइट को रनवे पर उतर गया। फ्लाइट मुंबई से जोधपुर करीब 36 मिनट की देरी से पहुंची। इंडिगो की फ्लाइट मुंबई के छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट से आज दोपहर 12:19 पर रवाना हुई थी। इस फ्लाइट के जोधपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने का समय 1 बजकर 50 मिनट था। फ्लाइट जोधपुर एयरपोर्ट पहुंची और लैंडिंग करने वाली थी, लेकिन रनवे पर उतरने से पहले ही वापस फ्लाइट ने उड़ान भर ली। करीब दस से पन्द्रह मिनट तक आसमान में चक्कर काटने के बाद फ्लाइट करीब 2 बजकर 26 मिनट पर लैंड हुई। इससे एक बार तो यात्रियों में दहशत का माहौल हुआ लेकिन बाद में कुशल लैंडिंग होने के बाद सब ने राहत की सांस ली।

## खड़े ट्रक से टकराई बोलेरो, तीन की मौत



**नई दिल्ली।** नेशनल हाइवे 39 में गुरुवार की शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो टेंट सामान लोड खड़े ट्रक में टकरा गई। हादसे में तीन लोग की दर्दनाक मौत हो गई तो वही तीन गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। बोलेरो वाहन जेठूला गांव निवासी जगदीश जायसवाल के नाम से रजिस्टर्ड है। मौके पर संतोष कोली पुलिस अधीक्षक, प्रिया पाठक एसडीएम, राजेश पांडे थाना प्रभारी समेत तमाम अमला मौजूद रहा। बता दें कि शुक्रवार को बहरी में मुख्यमंत्री मोहन यादव का कार्यक्रम तय है। जिसे लेकर तैयारियां की जा रही थी। उसी दौरान प्रिन्स पुत्र जगलाल जायसवाल 20 बर्ष, अजय पुत्र जगदीश जायसवाल 20 बर्ष, बालकृष्ण पुत्र बाबूलाल प्रजापति 30 बर्ष, गीता पुत्र रघुनाथ जायसवाल 55 बर्ष, धमेंद्र पुत्र चूड़ामणि जायसवाल 25 बर्ष सभी निवासी जेठुला बोलेरो में सवार होकर तेज रफ्तार से आ रहे थे।

## दक्षिणी गाजा में इस्राइल के चार सैनिकों की मौत



**येरुशलम।** इस्राइली सेना ने गुरुवार को बताया कि दक्षिणी गाजा पट्टी में उसके चार सैनिक मारे गए हैं। गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की शुरूआत के बाद यह पहली बार है जब सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। इस ऑपरेशन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी नाराजगी और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच गुरुवार को इस्राइली सेना ने पुष्टि की कि दक्षिणी गाजा पट्टी में उसके चार सैनिक मारे गए हैं। गाजा सिटी में इस्राइल की तरफ से बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू करने के बाद यह पहला मौका है जब किसी सैनिक की मौत की आधिकारिक घोषणा की गई है। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब गाजा के उत्तरी हिस्से में भीषण लड़ाई और हवाई हमले जारी हैं।

## पेंशन कोई इनाम नहीं, सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन नहीं, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

**नई दिल्ली।**



केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि पेंशन 'कोई इनाम नहीं है' और कानूनी तथा भावनात्मक दोनों दृष्टिकोणों से सौतेली मां, असली मां से अलग होती है, इसलिए भारतीय वायु सेना के नियमों के तहत उसे पारिवारिक पेंशन नहीं दी जा सकती।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष केंद्र ने भरण-पोषण और अन्य कल्याणकारी सुविधाओं से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि 'मां' शब्द से केवल असली या जैविक मां का ही मतलब होता है, सौतेली मां का नहीं। केंद्र ने कहा, ''यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि भले ही पेंशन कोई इनाम नहीं है और यह एक अधिकार के रूप में दावा किया जा सकता है, लेकिन यह अधिकार पूर्ण या बिना किसी शर्त वाला नहीं है। पेंशन लाभ पाने के लिए किसी व्यक्ति को लागू कानूनी प्रविधानों या नियमों के तहत अपना अधिकार साबित करना होगा।''केंद्र सरकार का यह बयान जयश्री वाई जोगी को विशेष पारिवारिक पेंशन देने से इन्कार करने वाले सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया। जयश्री ने वायुसेना में सेवारत रहे एक व्यक्ति की उस समय से परवरिश की थी जब वह छह साल का था।

## चाबहार पोर्ट पर अमेरिका ने दिया बड़ा झटका, छूट खत्म करने का एलान

**नई दिल्ली।**



अमेरिका ने ईरान के चाबहार पोर्ट पर बड़ा झटका दिया है। ट्रंप प्रशासन ने 2018 में दी गई प्रतिबंधों से छूट को खत्म करने का एलान किया है, जो 29 सितंबर से लागू होगी। ऐसे में इसका सीधा असर भारत पर पड़ेगा। कारण है कि भारत लगातार इस बंदरगाह को विकसित कर मध्य एशिया तक व्यापारिक संपर्क बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। अमेरिका ने ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर एक बड़ा झटका दिया है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने ईरान के चाबहार पोर्ट से जुड़ी छूट को खत्म करने का एलान कर दिया है, जिससे इस रणनीतिक बंदरगाह पर काम कर रहे देशों और कंपनियों पर अब प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। ऐसे में इसका सीधा असर भारत समेत कई देशों पर भी होगा। कारण है कि भारत लगातार इस पोर्ट को विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने कहा कि ईरानी शासन को अलग-थलग करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की अधिकतम दबाव नीति के अनुरूप उसने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण सहायता और आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता और प्रसार-रोधी अधिनियम (आईएफसीए) के तहत 2018 में जारी प्रतिबंध अपवाद को रद्द कर दिया है। यह फैसला 29 सितंबर से प्रभावी होगा। बयान में आगे कहा गया कि एक बार प्रतिबंध प्रभावी होने के बाद जो भी लोग चाबहार बंदरगाह का संचालन करते हैं या आईएफसीए में वर्णित अन्य गतिविधियों में शामिल होते हैं वे आईएफसीए के तहत प्रतिबंधों के दायरे में आ सकते हैं। बता दें कि भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार फ्री जोन (आईपीजीसीएफजेड) के माध्यम से 24 दिसंबर 2018 से चाबहार बंदरगाह का संचालन कर रही है।

2018 में अमेरिका ने चाबहार पोर्ट पर छूट दी थी, क्योंकि इसका इस्तेमाल अफगानिस्तान को सहायता भेजने के लिए किया जा रहा था।

## पहलवान अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य



**नई दिल्ली।**

टूनार्मेंट में पहले दिन से भारतीय पहलवान संघर्ष करते आ रहे थे, लेकिन अंतिम ने कांस्य पदक जीतकर यह सुनिश्चित किया कि भारत खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से खाली हाथ नहीं लौटें। 21 वर्षीय पंघाल ने 2023 सत्र में भी कांस्य पदक जीता था। भारत की पहलवान अंतिम पंघाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिम ने 53 किग्रा भार वर्ग में स्वीडन की अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान एमा जोना डेनिसे माल्मग्रीन को 9-1 से हराकर कांस्य अपने नाम किया। पंघाल के इस प्रदर्शन ने यह तय किया कि भारतीय दल इस टूनार्मेंट से खाली हाथ नहीं लौटेगा। टूनार्मेंट में पहले दिन से भारतीय पहलवान संघर्ष करते आ रहे थे, लेकिन अंतिम ने कांस्य पदक जीतकर यह सुनिश्चित किया कि भारत खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से खाली हाथ नहीं लौटें। 21 वर्षीय पंघाल ने 2023 सत्र में भी कांस्य पदक जीता था,

### स्वीडन की प्रतिद्वंद्वी को हराया

लेकिन 2024 ओलंपिक खेलों के बाद जहां वह पहले दौर में बाहर हो गई थीं, वह लगातार प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रही थीं और दबाव में नजर आ रही थीं। माल्मग्रीन एक बहुत ही आक्रामक पहलवान हैं लेकिन अंतिम ने अपना डिफेंस मजबूत रखा और स्वीडन की पहलवान को कभी भी लय हासिल नहीं करने दी। मात्र 21 वर्ष की उम्र में अंतिम ने सीनियर विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य, एशियाई खेलों में एक कांस्य, एशियाई चैंपियनशिप में एक रजत और एक कांस्य पदक के अलावा ग्रां प्री स्तर की प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण पदक जीते हैं।

## 'भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धौंस विफल', रूस बोला प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं



**मॉस्को।**

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है।

रूस के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी पर एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। और उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वो बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, ये काम नहीं कर पाया। जिस तरह से चीन और भारत के साथ अमेरिकी संपर्क चल रहा है, वो ये दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष इस बात को समझ चुका है। उन्होंने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा किया। लावरोव ने कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी हुई, क्योंकि उनको नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्त्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।

## सीवरों की मैन्युअल सफाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### पीडब्ल्यूडी पर लगाया 5 लाख रुपए का जुमार्ना

**नई दिल्ली।**

प्रतिबंध के बावजूद मैनुअल तरीके सीवर सफाई कराने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर पांच लाख रुपये जुमार्ना लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने न सिर्फ मैनुअल तरीके से सीवर की सफाई कराया बल्कि इस काम में नाबालिग का भी इस्तेमाल किया है जो कि उसके पिछले आदेश का उल्लंघन है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में आदेश का दोबारा से उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। पीठ ने दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी को चार सप्ताह के भीतर जुमार्ने की रकम राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के पास जमा करना का आदेश दिया है। पीठ ने पिछले माह सुप्रीम कोर्ट के सामने मैनुअल सीवर सफाई के काम को संज्ञान में लेते हुए पीडब्ल्यूडी से जवाब मांगा था।



## संपादक की कलम से

# कुपोषण है, तो स्वस्थ कौन?

शुभकामनाओं और बधाइयों का सैलाब उमड़ आया था। देश के प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन था। यह भी खुशगवार लगा कि उन्होंने जिंदगी के 75 बसंत जी लिए हैं। बेशक वह अपने कालखंड के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदल दी है। प्रधानमंत्री मोदी एक वैश्विक किरदार में भी हैं। जिन्होंने इस खास मौके पर



ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री का महिमामंडन किया, गरीब बचपन से लेकर देश के सर्वोच्च नेता तक के सफर की कहानियां सुनाई, यह उनकी मजबूरी और प्रतिबद्धता हो सकती है! बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार के परंपरागत खांचे को तोड़ कर कई अभूतपूर्व फैसले किए। नए प्रतिमान गढ़े। प्रत्येक प्रधानमंत्री के हिस्से ऐसे फैसले और काम आते रहे हैं, लिहाजा उन्हें कुछ मायनों में दूरदर्शी भी माना जाता रहा है। यह दीगर है कि कोई उनकी व्याख्या किस तरह करता है। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन का यह नारा तय किया था–स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार। इस आशय के सरकारी विज्ञापन भी मीडिया में छपवाए गए। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया कि माताओं, बहनों, बेटियों के स्वास्थ्य की सम्यक जांच कराई जाए। ऐसे लाखों मेगा स्वास्थ्य शिविर देश भर में 2 अक्तूबर तक चलाए जा रहे हैं। जांच, दवाएं और इलाज सब कुछ निशुल्क होंगे। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सरकारी तिजोरी से बढ़ कर माना है। बेशक पहल और मंशा अच्छी और सामुदायिक है, लेकिन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के कुछ निष्कर्ष हमें चिंतित करते हैं, प्रधानमंत्री मोदी को भी चुभेंगे, यदि उनके सामने ये आंकड़े पेश किए जाएंगे। कुपोषण आज भी सामाजिक, आर्थिक, वर्गीय और भयावह समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक, देश में 15–49 आयु–वर्ग की 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया (खून या हीमोग्लोबिन की कमी) पाया जाता है। 5 साल से कम उम्र के करीब 36 फीसदी बच्चे बौने हैं, 32 फीसदी से ज्यादा बच्चे कम वजन के और 19.3 फीसदी बच्चे शारीरिक–मानसिक रूप से कमजोर हैं। करीब 74 फीसदी आबादी में स्वस्थ, पोषक आहार प्राप्त करने का सामर्थ्य ही नहीं है। उच्च गरीबी दर वाले इलाकों में कुपोषण की दर अधिक पाई गई है। भारत सरकार ने लक्ष्य तय किया था कि 2022 तक देश को कुपोषण–मुक्त बना दिया जाएगा। ऐसा नहीं हो पाया। यदि नारी और बच्चे ही कुपोषित हैं, तो उनके परिवार, समाज, देश स्वस्थ कैसे हो सकते हैं? देश का विकास सर्वांगीण कैसे हो सकता है? हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी को इन स्थितियों की जानकारी होगी! प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन पर ही राष्ट्रीय पोषण मिशन के अगले चरण का शुभारंभ किया है। इसके अलावा, एकीकृत बाल विकास योजना सरीखे कई कार्यक्रम भारत सरकार चला रही है। सवाल है कि कुपोषण रूपी कैंसर कम क्यों नहीं हो पा रहा है? इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, बिहार के लिंगानुपात के आंकड़े खतरे की घंटी बजा रहे हैं। दिल्ली देश की राजधानी है, वहां पिछले साल की जन्म और मृत्यु की सालाना रपट स्पष्ट कर रही है कि जन्म के समय लिंग अनुपात घट रहा है। यह रुझान लगातार चार सालों से सामने आ रहा है।

## उदय किशोर साह

## अपना होगा प्यार का नाम

कविता



दिल की धड़कन में तुम्हें बिठाकर
मैं तेरा दिन रात दीदार करूँ
उल्फत भरी है ये हमारी जिन्दगी
फिर भी मैं तुमसे ही प्यार करूं

ख्वाबों की महफिल में तुम्हें सजाकर
मैं जीवन भर तैरा ही इन्तजार करूँ
पलकों की पालकी में तुम्हें बिठाकर
दुल्हन बना तेरी सोलह श्रृंगार करूँ

अपनी जुल्फों के साये में हमें छुपा लो
जहाँ मैं अपनी प्यार का इजहार करूँ
जनम जन्म का साथी हमें बना लो
अपनी वादों का जीवन में साकार करूँ

नीले अम्बर की चौड़ी दहलीज। पर
प्यार की पंख लगा उड़ जायें वहाँ
जहाँ पे गम हमें छु भी ना पाये
ऐसा एक संसार बसायें जहाँ

लाख मोहब्बत का जमाना करे अपमान
हमें तनिक भी इसकी परवाह नहीं
मोहब्बत को हम देगें आज यहाँ सम्मान
चाहे कोई खुश रहे या नाखुश दर्द नहीं

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आधुनिक, सशक्त व शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है।

भारत में लंबे समय तक लगातार सत्ता में रहते हुए सेवा करने वाले राजनेता, राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे-सपूत, नए आधुनिक सशक्त शक्तिशाली भारत के शिल्पकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप दीघार्यु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और देश का नाम रोशन करते रहें और हम भारतवासियों का मार्गदर्शन करते रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों के दम पर अब आधुनिक, सशक्त, शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार बन चुकें हैं, यह तथ्य अब किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। कोई भी व्यक्ति राजनीतिक लाभ लेने के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के नव निर्माण के लिए दिये गये योगदान को कमतर आंकने का कार्य कर सकता है। लेकिन धरातल पर सच्चाई यह है कि नरेन्द्र मोदी ने देश में आजादी के दशकों बाद दूरदराज के दुर्गम इलाकों तक में भी हम भारतीयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का कार्य किया है, जो काबिले-तारीफ व अचंभित करने वाला है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आज बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव हो रहा है। रेलवे, हाईवे, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन विश्व स्तरीय ढांचा तैयार किया जा रहा है। अभी तक के तैयार ढांचे ने ही देशवासियों के जीवन को बेहद सरल बनाते हुए देश के विकास को तेजी गति देते हुए धरातल पर समृद्धि को बढ़ावा देने का कार्य कर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है। देश में आधुनिक रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, सड़क व रोपवे आदि जगह-जगह बन रहे हैं। पूरे देश में सड़क, हवाई, रेल व जल मार्ग से यात्रा व माल ढुलाई आदि की सुविधा को बेहतर किया जा रहा है। वैसे भी नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि - स्मार्ट शहर, सुरक्षित सड़कें और आसान यात्रा झ यही है नए भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर वादा। जिस वादे को नरेन्द्र मोदी धरातल पर साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश के वीर योद्धाओं के हाथ दुश्मन पर कार्रवाई के लिए पूरी आजादी के साथ खुले हुए हैं, जिसकी बानगी देश व दुनिया के लोग सर्जिकल स्ट्राइक व अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में देख चुके हैं। वहीं आम-जनमानस के हित के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें मुख्य रूप से जन धन योजना, कौशल भारत मिशन, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्रमेव जयते योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हृदय योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, उजाला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ज्योति ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना, उदय, स्टार्ट- अप इंडिया, सेतु भारतम योजना, स्टैंड अप इंडिया, ग्रामोदय से भारत उदय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, नमामि गंगे योजना, पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना आदि योजनाएं हम भारतवासियों के जीवन स्तर में सुधार करते हुए उसे बेहतर बनाने कार्य कर रही हैं। वैसे कोई नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में लाख कमियां निकाले लेकिन जनता की अदालत की सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन-जन की आशा और राष्ट्र की आकांक्षा के प्रतीक बन चुकें हैं। देश व दुनिया के लोग देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में भारत का बहुत तेजी से सर्वांगीण विकास हो रहा है।



*आज स्थिति यह हो गयी है कि प्रसिद्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहे हैं बल्कि वह दुनिया में भी बेहद लोकप्रिय होकर के विश्व की उन चंद ताकतवर अहम शख्सियतों में शामिल हो चुकें हैं, जिनकी राजनीति व कार्यशैली का लोहा देश–विदेश के ताकतवर लोग भी मान रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर भारत के लिए एक बहुत ही अच्छा सकारात्मक संदेश है। हालांकि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनके जन्मदिवस 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर तक देश भर में 'सेवा पखवाडा' चलाने का फैसला किया है। इसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन, दिव्यांग शिविर आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे से जानते हैं कि इस अवसर को खूबसूरती के साथ एक सफल मेगा ईवेंट में किस तरह से बदला जा सकता है, इसलिए भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर के 2 अक्टूबर तक पूरे देश में 'सेवा पखवाड़े' पर जनहित के विभिन्न प्रकार के अभियान चलायेगी, जिससे आम जनमानस भाजपा के प्रति आकर्षित होकर मोदी मैजिक के दम पर उससे निरंतर जुड़ा रहे। हालांकि देश में कुछ राजनीतिक लोगों व एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच में ना जाने क्यों नरेन्द्र मोदी को निरंतर कमतर करके आंकने का प्रयास अभी भी जारी है। यह लोग वर्ष 2014 से ही मोदी को जनता की अदालत में एक असफल प्रधानमंत्री साबित करने के लिए उतावले हैं, लेकिन यह उतावलेपन में निरंतर अपने गिरेबान में झांक कर आत्ममंथन करना भूल जाते हैं। खैर जो भी हो पक्ष हो या विपक्ष का विरोधी हो अब वह जनता की अदालत इस सच्चाई से आसानी से मूंह नहीं मोड़ सकता है कि नरेन्द्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं और उनके नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विश्व स्तरीय विकास की एक नयी गाथा लिखने का कार्य हो रहा है। देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण चंहु ओर तेजी के साथ मोदी राज में केंद्र के द्वारा सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज केंद्र सरकार का तंत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष की ऊंचाईयों से लेकर के सागर की गहराईयों तक में जाकर के भारत की जनता के हित के लिए कार्य करने का काम बड़ी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ कर रहा है और हमारे प्यारे देश भारत का सिस्टम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल व ओजस्वी नेतृत्व में विश्व में सफलता के नित–नये आयाम स्थापित करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए दिन–रात काम कर रहा है।*

नया भारत अब आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य कर रहा है। मोदी के संकल्पित नेतृत्व में ही विकसित भारत की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी के साथ मजबूत होती जा रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के ताकतवर देशों को पीछे छोड़ रही है। देश में बहुत ही तेजी से विश्व स्तरीय सड़कों व एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा कर के विकास पथ का निर्माण करते हुए विकास को तेज गति दी जा रही है, आज हमारा प्यारा देश भारत दुनिया के निवेशकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है, भारत में अब तेजी से विदेशी कंपनियों के बड़े-बड़े कल-कारखाने खुलने लगें हैं। आर्थिक स्तर के मोर्चे के साथ-साथ सामरिक स्तर पर भी अब तो दुनिया भारत का लोहा मानने लगी है, दुनिया सर्जिकल स्ट्राइक व ऑपरेशन सिंदूर में देश के वीर जांबाजों का दमखम देख चुकी है। वैसे भी देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कार्यशैली के बलबूते देश की राजनीति को अपने इर्दगिर्द केन्द्रित रखते हुए आम जनमानस के दिलोदिमाग पर छा जाने का कार्य बेहद ही सफलता के साथ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की उन शख्सियतों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी कार्यशैली, मेहनत, वाकपटुता, मंत्रमुग्ध कर देने वाली करिश्माई भाषण शैली, राष्ट्रहित व जनहित के कार्यों के बलबूते लोगों के दिलों में जगह बनाने का कार्य किया है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी राजनीति के जबरदस्त प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्र में भी पिछले कई दशकों से लगातार महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं। वैसे तो नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में ही काम के दम पर एक बहुत लंबी रेखा खींचने का कार्य किया था, लेकिन वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री पद का दायित्व सम्हालने का कार्य किया था, उसके बाद तो उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर ही नहीं देखा है। जिसके बाद से ही नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में दिन-प्रतिदिन तेजी से इजाफा हुआ है और वह भारत के साथ-साथ दुनिया भर में लोगों की पसंदीदा ताकतवर राजनीतिक शख्सियत बनकर के उभरे हैं, इसकी एक बानगी अभी हाल ही में दुनिया ने अमेरिका से टैरिफ विवाद के समय और चीन दौरे के समय देखी है,

विवाद के बाद नरेन्द्र मोदी को अपने से दूर होता देखकर अब तो दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तक भी नरेन्द्र मोदी को अपना दोस्त बता रहे हैं और महान बता रहे हैं। संगठनात्मक स्तर की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके पार्टी के भविष्य को पूरी तरह से ही बदल डालने का कार्य किया था। इसके बाद तो नरेन्द्र मोदी की लहर के दम पर ही देश के चुनावी मैदान में चुनाव दर चुनाव भाजपा जीतती गयी और केन्द्र व राज्यों की राजनीति से विपक्षी दलों का सफाया होता चला गया था।

# दिल की धड़कन से लेकर इम्यूनिटी तक, रोजाना एक टमाटर खाने के 5 बड़े फायदे जानें

रोजाना एक टमाटर का सेवन आपको कई गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। इसके लाइकोपीन और एंटीऑक्सीडेंट तत्व दिल को स्वस्थ रखते हैं, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं और त्वचा को सूरज की क्षति से बचाते हैं, जबकि विटामिन सी इम्यूनिटी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हरी सब्जियां खाने से सेहत जबरदस्त बनीं रहती है। टमाटर खाने से शरीर हस्ट-पुष्ट बनता है। टमाटर एक लाल रंग का फल है, जो कि सब्जियों में इस्तेमाल किया जाता है। यह लाइकोपीन नामक कैरोटीनॉयड से भरपूर है। वहीं, टमाटर पकते हैं, तो हरे रंग का क्लोरोफिल टूट जाता है जिससे लाइकोपीन संश्लेषण होता जिससे टमाटर रंग हरे से लाल हो जाता है। टमाटर में कई सार पोषक तत्वों से भरा होता है। इसके सेवन से हेल्थ मस्त बनीं रहती है। आइए आपको टमाटर खाने के फायदे बताते हैं।

**टमाटर खाने के फायदेः** दिल की सेहत के लिए फायदेमंद टमाटर में लाइकोपीन, खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और दिल के लिए काफी फायदेमंद है। ये एलडीएल कोलेस्ट्रॉल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इससे हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है। इसके साथ ही इसमें पोटैशियम भी पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए जरुरी है। इसलिए रोजाना एक टमाटर खाने से दिल की सेहत बेहतरीन रहती है।

**स्किन के लिए फायदेमंदः** टमाटर में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो आपकी त्वचा को हेल्दी बनाता है। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन और अन्य एंटीऑक्सीडेंट आपकी त्वचा की सूरज की क्षति और समय से पहले बूढ़ा होने बचाने में मदद करता है।

**आंखों के लिए फायदेमंदः** टमाटर में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन होते हैं, यह दो गुण आपकी आंखों को डिजिटल उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी से बचाने और उम्र से संबंधित मैकुलर डिजनरेशन के खतरे को कम करने में मदद करता है। रोजाना एक कच्चा टमाटर जरुर खाएं।

**इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगारः** टमाटर में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को दुरुस्त करता है। टमाटर को विटामिन सी का सोर्स माना जाता है, जो एक प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए जरुरी होता है। टमाटर खाने से इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है और फिर कई बीमारियों से बचाया जाता है।



# मम्मी के ये छोटे-छोटे जुगाड़ किचन के काम को बनाएंगे एकदम आसान

अगर आप भी अक्सर रोटी इसलिए नहीं बनाकर रखती हैं, क्योंकि ठंडी होकर वह उतनी नरम नहीं रहती है तो अब ये तरीका अपनाएं। गरमागरम रोटी बनते ही उसे तुरंत साफ किचन टॉवल में लपेट दो या फिर गरम कसेरोल में रख दो। किचन में खाना बनाना खाना खाने जितना आसान काम नहीं है। अगर रेसिपी में कुछ ही गड़बड़ होती है तो स्वाद पूरा ही बदल जाता है। इतना ही नहीं, कुकिंग करते समय कभी नमक ज्यादा हो जाता है तो कभी दूध का पतीला जल जाता है, तो कभी खाना बच जाता है। ऐसे में मम्मी के जुगाड़ बहुत ही काम आते हैं। इन जुगाड़ की मदद से टाइम, मेहनत और पैसे, तीनों की बचत हो जाती है। सच कहें तो मम्मियों के किचन हैक्स सच में किसी लाइफसेवर से कम नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मम्मी के कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे किचन से जुड़े जुगाड़ों के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपके भी बेहद काम आएंगे-

**रोटी को नरम रखने का जुगाड़ः** अगर आप भी अक्सर रोटी इसलिए नहीं बनाकर रखती हैं, क्योंकि ठंडी होकर वह उतनी नरम नहीं रहती है तो अब ये तरीका अपनाएं। गरमागरम रोटी बनते ही उसे तुरंत साफ किचन टॉवल में लपेट दो या फिर गरम कसेरोल में रख दो। इसके अलावा, आप मम्मी की उस सीक्रेट ट्रिक का इस्तेमाल करें। मम्मी हमेशा आटे में जरा सा गुनगुना दूध जरूर डालती थी। इससे रोटी अगले दिन भी उतनी ही मुलायम और टेस्टी लगेगी।

**अदरक को हमेशा फ्रेश रखने का जुगाड़ः** किचन में अदरक कई चीजों में इस्तेमाल होता है, इसलिए हम इसे अक्सर ज्यादा ही खरीद लेते हैं। लेकिन अक्सर फ्रिज में रखा अदरक भी जल्दी सूख जाता है। ऐसे में मम्मियों के इस जुगाड़ा को आजमाकर देखें। सबसे पहले अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे मिट्टी के किसी बर्तन में डाल दो और फिर उसे फ्रिज में रख दो। इस तरह अदरक कई हफ्तों तक ताजा बना रहता है। वह ना तो सूखता है ना ही उसका स्वाद खराब होता है।

**तेल वाली कड़ाही को धोने का जुगाड़ः** तेल वाली कड़ाही को धोना इतना भी आसान नहीं होता। अक्सर हम उसमें बहुत सारा साबुन भी लगाते हैं, लेकिन इससे झाग तो निकलता है, पर चिकनाई साफ नहीं होती। ऐसे में मम्मी का वो पुराना नुस्खा आजमाकर देखो। बस एक पुराना कपड़ा लो और उस पर थोड़ा सा नमक छिड़को और कड़ाही पर अच्छे से रगड़ दो। नमक तुरंत उस चिपचिपे तेल को खींच लेगा। इसके बाद बस इसे हमेशा की तरह धो लो।



# श्री रामलीला महोत्सव का तीसरा दिन भक्ति, रंग और उत्सव का अनोखा संगम

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव का तीसरा दिन श्रद्धा, कला और मनोरंजन से सराबोर रहा। दिन की शुरूआत प्रातः 9 बजे से हुई जब श्री रासलीला एवं श्री कृष्ण की निकुंज लीलाओं का मनमोहक आयोजन किया गया। कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय से भगवान कृष्ण की लीलाओं का ऐसा चित्रण किया कि दर्शक तन्मय होकर निहारते रह गए। प्रेम, भक्ति और दिव्य खेलों से भरी इन लीलाओं ने छोटे-बड़े सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

इसके बाद संध्या होते ही मंच पर रंग-बिरंगी रोशनी छा गई। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वायंभुव मनु की कठोर तपस्या, रावण के जन्म का रहस्य, रावण का दिग्विजय, कौशल्या का हरण और राजा दशरथ के विवाह जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और हर दृश्य पर गहरे भावों के साथ प्रतिक्रिया दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप सक्सेना, संदीप अग्रवाल सोनी और शुभम सिंघल उपस्थित रहे। कमेटी द्वारा उनका स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल पहनाकर किया गया। इसके बाद मंच पर विशेष लकी ड्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तीनों अतिथियों ने स्वयं विजेताओं के नाम घोषित किए। साथ ही उन्हें सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) देकर पुरस्कृत किया गया।

उत्सव पैलेस परिसर के मैदान में बच्चों के लिए झूलों का खास इंतजाम किया गया है, जहाँ वे आनंद से झूलते रहे। चाट, पकौड़ी और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल पर भीड़ उमड़ पड़ी। खेल और खिलौनों की दुकानों पर बच्चों ने खूब खरीदारी की और आइसक्रीम और पॉपकॉर्न का पूरा आनंद लिया। परिवारों ने इसे मनोरंजन और भक्ति का बेहतरीन संगम बताया। तीसरे दिन की यह रंगारंग प्रस्तुति रामलीला महोत्सव को और यादगार बना गई। दर्शकों ने इस आयोजन की खूब सराहना की और अगले दिनों की प्रस्तुतियों को लेकर उत्सुकता जताई।

# वीर खालसा सेवा ने पंजाब में आई बाढ़ में सामग्री लेकर बवाना हुई

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



रामपुर। वीर खालसा सेवा समिति की ओर से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से पंजाब में आई बाढ़ में सामग्री लेकर बवाना हुई वीर खालसा सेवा समिति की सदस्य सबसे पहले गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में अरदास हुई उपरांत महिलाओं द्वारा कीर्तन करते हुए रेलवे स्टेशन पर कीर्तन समापन हुआ उपरांत शहर विधायक मुख्य अतिथि श्री अकाल सक्सेना जी ने हरी झंडी दिखाकर तीन ट्रालियों को रवाना किया शहर विधायक जी ने कहा वीर खालसा सेवा समिति बधाई पत्र है जो समय-समय पर जहां भी जरूरत होती है वहां पहुंचकर जरूरतमंदों की मदद करती है समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा सभी धर्म के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में सहयोग किया गया अब यह सारी सामग्री खुद अपने हाथों से जरूरतमंदों के बीच देकर आएंगे रजाई कंबल फोल्डिंग चप्पल दवाइयां बाल्टिया गेहूं आटा दाल चावल चीनी चाय पत्ती साबुन ब्रश टूथपेस्ट बड़ी संख्या में सामग्री लेकर हम रवाना हुए हैं और वहां पर अगर किसी को नगद सहयोग की जरूरत होगी तो वह भी हम करेंगे इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह सचिव सरदार मनमीत सिंह? गुरुद्वारा प्रधान सरदार दर्शन सिंह खुराना गुरुद्वारा प्रधान सरदार गुरुदेवेंद्र सिंह गुरुद्वारा प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह किसान नेता जगजीत सिंह गिल ? कुलविंदर सिंह तारीख अब्दुल्ला साहब मौलाना असलम मंदिर के पुजारी जी सेवा सिंह? बिलासपुर अध्यक्ष करण दीप सिंह नारायण सिंह सुरजीत सिंह अमनदीप सिंह कुलविंदर सिंह मनजीत सिंह ?? खुशवंत सिंह बाजवा हरविंदर सिंह बाजवा रहमान की? लखविंदर सिंह दरबार सिंह सुरेंद्र सिंह सतनाम कौर मनजीत कौर बलविंदर कौर सोनिया ग्रंथि सुरजीत सिंह बड़ी? संख्या में संगत की मौजूदगी में राशन की ट्रालियों को पंजाब की ओर भेजा गया।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एंटी रोमियो टीम का अभियान महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक




वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए जिले में विशेष गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम ने बुधवार को महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय, नारी स्वावलंबन, आत्मरक्षा के महत्व और सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को समझाया गया कि सोशल मीडिया पर अजनबियों से बातचीत, लिंक पर क्लिक करना या निजी जानकारी साझा करना खतरनाक हो सकता है। ऐसे मामलों में तुरंत सतर्क होकर परिवार और पुलिस से संपर्क करना चाहिए। एंटी रोमियो टीम ने सुरक्षा के लिए जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें शामिल हैं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन 112 आपातकालीन सेवा 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 102/108 एंबुलेंस सेवा टीम ने उपस्थित छात्राओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी तरह की परेशानी आने पर तुरंत इन नम्बरों पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना, उन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना और अपराधियों में भय की भावना उत्पन्न करना है। उन्होंने यह भी अपील की कि सभी महिलाएँ स्वयं सतर्क रहें और अन्य को भी जागरूक करें।

# मा. प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं न्यू इंडिया/2047 पर आधारित 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शहर विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित सेवा पखवाड़ा के तहत मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं न्यू इंडिया/2047 और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा स्थापित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मा. जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, मा. शहर विधायक ने संयुक्त रूप से जिलाध्यक्ष (भाजपा) हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में फीता काटकर किया।

तत्पश्चात मा. शहर विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क द्वारा स्थापित करायी गयी प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन के बाल्यकाल से लेकर अब तक के विभिन्न आयामों, जनसेवा की यात्रा, राष्ट्र निर्माण के संकल्प, सांस्कृतिक विरासत एवं संस्कृति के पुनरोद्धार के साथ ही उनके नेतृत्व में देश व प्रदेश भर में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मा. शहर विधायक ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी का जीवन संघर्ष, राष्ट्र सेवा और अनुशासन सभी के लिए अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा से युवा शक्ति प्रेरित होकर राष्ट्र सेवा में अपना सक्रिय योगदान दे सकती है। उन्होंने आमजन मानस से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग कलेक्ट्रेट परिसर में 02 अक्टूबर तक स्थापित इस चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य करें और अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री के अनछुये पहलुओं को जानें। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता सैनी, जिला उपाध्यक्ष श्री जगपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अभय गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री सोनू लोधी, श्री मोहन कुमार लोधी, श्री अशोक विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो टीम की बड़ी कार्रवाई, महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले दो युवक गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर।** जनपद में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। लगातार मिल रही शिकायतों और महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एंटी रोमियो अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना चाँदपुर पुलिस ने 17 सितंबर 2025 को बड़ी सफलता हासिल की है थाना क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग के दौरान एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी कर रहे दो युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों ने राहत की सांस ली गिरफ्तार आरोपी अली रजा पुत्र अली हसन, निवासी मोहल्ला सरायरफी मोबीन पुत्र असलम, निवासी मोहल्ला सरायरफी दोनों युवक लंबे समय से क्षेत्र में छात्राओं और महिलाओं को परेशान कर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की यह कार्रवाई बेहद सराहनीय है और इससे मनचलों के हौसले पस्त होंगे। पुलिस टीम सौरभ पवार, कांस्टेबल प्रीति, महिला कांस्टेबल शामिल रहें।

# मालदे रोड में सड़क चौड़ीकरण के नाम खोद डाला पहाड़

वेलकम इंडिया



गरुड़, दिनेश नेगी, गरुड़ मोटर मार्ग से अणा लोहारचौरा गैरलेख मोटर मार्ग में सड़क चौड़ीकरण कार्य में मनमाने पहाड़ के कटान से भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। जिससे पहाड़के कटान से खनन सामग्री निकालने से सड़क में चौड़ीकरण करने के नाम पर पहाड़ी से भूस्खलन होने लगा है। पोकलैंड मशीन की पहाड़ को खोदे जाने से पहाड़ में बड़े बड़े बोल्डरों के साथ सड़क पर गिरने लगा है। एक ओर सड़क का चौड़ीकरण हो रहा है तो दूसरी ओर पत्थर खुदान से पहाड़ी कमजोर भी हो रही है।वही क्षेत्रीय लोगों की शिकायत के बाद भी विभागीय अनदेखी और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नही होने से लोगों में रोष है।वही मामले में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ई सकलानी ने बताया कि उनके संज्ञान में मामला आया है। ठेकेदार को कार्य रोकने के निर्देश दिए जाएंगे तुरंत पहाड़ कटिंग को रोक दिया जाएगा। ताकि भविष्य में उक्त स्पॉट पर भूस्खलन ना हो।वही लोगों ने सड़क निर्माण में मानकानुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य नही कराने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# सात सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को सोपा

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक पंचायत तहसील प्रांगण नजीबाबाद में संपन्न हुई जिसमें सात सूत्रीय ज्ञापन जिला उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को सौप गए जिसमें मुख्य मांगे वन विभाग डीएफओ को संबोधित हिंसक पशु गुलदार के द्वारा हो रही जनहानि को लेकर पर विभाग को सचेत किया गया कि जहां-जहां भी ग्रामीणों द्वारा गुलजार को देखे जाने की पुष्टि हुई है उन सभी बिंदुओं पर पिंजरे लगाई जाए इस पर संज्ञान लेते हुए डीएफओ के प्रतिनिधि रेंजर साहब कोरिया सचिन शर्मा जी ने बिंदु नोट किया और ज्यादा शीघ्र वहां पर पिंजरा लगाने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया दूसरा मुख्य मुद्दा बिजली विभाग द्वारा बिजली बिलों में हो रही गड़ब इसी प्रकार सप्लाई इंस्पेक्टर और लोक निर्माण विभाग के को भी विभाग से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए यथाशीघ्र समाधान की संस्कृति की गई समाज स्थल पर सैकड़ो किसने की भीड़ उपस्थित जिला अध्यक्ष सुखविंदर सिंह जिला उपाध्यक्ष चतुर चौधरी शहजाद मलिक चौधरी जगदीश सिंह और जितेंद्र हुड्डा तहसील अध्यक्ष धामपुर विनीत कुमार ने संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किया मीटिंग में संगठन से जुड़े काफी लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई इसमें जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र चौधरी कपिल कुमार सुधीर चौधरी पिता लेडी वाले शहजाद गढ़पुरा जाकिर मलिक विपिन ठाकुर पुष्पेंद्र चौधरी विकास कुमार सतपाल शर्मा कृष्ण कुमार पाल राजकुमार चौधरी सुरेंद्र सिंह तहसील प्रभारी सुनील कुमार अखिलेश चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

पूर्व मीडिया सहायक सूरज कुमार निवासी बाजोपुर को प्रोन्नत करते हुए युवा तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद के पद पर मनोनीत किया गया जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह ने सभा स्थल पर इस विषय में निर्णय लेते हुए कहा कि सूरज कुमार काफी सक्रिय भूमिका संगठन में अब तक निभाते आए हैं उनकी सक्रियता और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए तथा मीडिया में उनकी सहभागिता को देखते हुए उन्हें युवा तहसील अध्यक्ष का महत्वपूर्ण जिम्मेदार जी बड़ा पद सोप जाता है उम्मीद है वह अपनी कार्य शैली से इस पद की गरिमा औरबढ़ाएंगे

# अपना दल एस के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शिवदयाल चौरसिया की मनाई पुण्यतिथि



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 के अन्तर्गत 29 जनवरी 1953 को प्रथम राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग/काका कालेलकर आयोग का गठन तत्कालीन राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद ने किया। जिसमें शिव दयाल सिंह चौरसिया को सांसद या विधायक न रहने के बावजूद तथा महत्वपूर्ण प्रथम गैर कांग्रेसी सदस्य मनोनीत किया उक्त विचार अपना दल एस बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि पर अपना दल एस बुलंदशहर के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष ने कहा काका कालेलकर और शिवदयाल चौरसिया ने रिपोर्ट में अन्य पिछड़े वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में 54%के आरक्षण की बात थी।इस रिपोर्ट को शिव दयाल सिंह चौरसिया अपने साथियों भगवान दास आदि के साथ रात दिन की कड़ी मेहनत करके तैयार की थी जब इस रिपोर्ट के संबंध में काका कालेलकर और शिव दयाल सिंह चौरसिया तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से मिले तब नेहरू ने काका कालेलकर को बहुत बुरा भला कहा और शिव दयाल सिंह चौरसिया की तरफ पीठ करके व्हीलचेयर पर बैठे रहे। कार्यक्रम में राजकुमार भुर्जी जिलाध्यक्ष अपना दल एस बुलंदशहर,परविंदर लोधी मोहित शर्मा जिला उपाध्यक्ष, हामिद अली सैफी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच,पुरूषोतम सैन जिला उपाध्यक्ष सुमित रजक,खालिक अंसारी जिला महासचिव चांद सिद्दकी दीपक गौतम विधान सभा अध्यक्ष स्याना,हाजी नईम प्रतीक भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष युवा मंच कपिल गौतम जोन अध्यक्ष स्याना साजिद सैफी जिला महासचिव अल्पसंख्यक मंच आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का फीता काट कर किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया : नितेश शर्मा



**बिजनौर।** जिले के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल द्वारा विकास भवन परिसर, बिजनौर में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ.प्र.के तत्वाधान ₹सेवा पर्व₹ विषयक आगामी 02 अक्टूबर, 2025 तक संचालित 15 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री एवं अन्य अतिथि गणों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, विधायक सदर सूचि चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेयी, डिप्टी कलेक्टर/ जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, उपायुक्त एनआरएलएम विरेन्द्र यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्थापित चित्र प्रदर्शनी जिसमें उनके जीवन चरित्र से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं और प्रेरणादाई संघर्षों के चित्रण का गहनता के साथ अवलोकन किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित की जाने वाली जानकारियों की सराहना करते हुए कहा कि इसका लाभ आमजन विशेष रूप से युवा वर्ग तथा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराएं तथा प्रदर्शनी स्थल पर जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को आच्छादित करने के लिए कैम्पों का आयोजन भी कराएं ताकि आमजन को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने के साथ-साथ केन्द्र एंव राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों, उपलब्धियों, नीतियों की जानकारी भी प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मा. प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्थापित चित्र प्रदर्शनी का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा 11वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्र व छात्राओं को प्रदर्शनी का अनिवार्य रूप से भ्रमण कराएं ताकि वे प्रधानमंत्री जी के संघर्षों और प्रेरणादायक कार्यों से परिचित होकर उनसे प्रेरणा लें। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री द्वारा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विभाग के तत्वावधान स्थापित स्टाल का भी अवलोकन किया गया।

स्टाल पर शासन द्वारा संचालित विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रचार सामग्री का वितरण कर आमजन को जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# डीएम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ मां शाकंभरी देवी मेला परिसर का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर (राजीव चौधरी )**। नवरात्रों पर लगने वाले मेले परिसर का निरीक्षण करने के बाद जिला अधिकारी ने कहा की नदी में मिला नहीं लगेगा सहारनपुर जिलाधिकारी मनीष बंसलने कहा कि मेले में आने वाले वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग की व्यवस्था जिला पंचायत द्वारा कराई जाएगी ताकि लोगों को परेशानी ना हो। बेहट शिवालिक पर्वतों पर हुई भारी वर्षा के बाद शाकंभरी नदी सहित तहसील क्षेत्र की अन्य नदियों में भी भारी उफान आ गया था और शाकंभरी देवी मेला मे जिला पंचायत का लगाया गया है अस्थाई पुल भी धराशाई हो गया और कहीं गाड़ियां ट्रैक्टर ट्राली पानी में बह गए थे सूचना मिलते ही जिलाधिकारी मनीष बंसल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ शाकंभरी देवी पहुंचे जहां उन्होंने बहुत बारीकी से जांच पड़ताल की ! उन्होंने जिला पंचायत को आदेश दिया कि भूरा देव से पहले मेले की दुकाने लगाई जाए इस बार कोई भी दुकान नदी में नहीं लगेगी। सभी श्रद्धालु प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार पैदल ही मां शाकंभरी देवी के दर्शन करने जाएंगे।



## धान की फसल में घुसे दबंग, विरोध करने पर की मारपीट

**कांधला**। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी किसान ने अपने खेत के पड़ोसी कई किसानों पर उनके खेत में घुसकर धान की फसल को तहस-नहस करते हुए उसके भाई के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी किसान सुमित कुमार ने बताया कि उसका भाई संदीप बुधवार की देर शाम अपने खेत पर गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि उसके गांव के ही कई लोग पीड़ित के खेत पर पहुंचे और उनकी धान की फसल में घुसकर तहस-नहस करने लगे। जब पीड़ित के भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने बेल्टों सहित डंडों से मारपीट कर उसके भाई को घायल कर दिया। सभी आरोपी उसके भाई को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए। पीड़ित ने किसी तरह मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी पीड़ित ने अपने परिजनों सहित थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अल्मोड़ा मैग्नेसाइट को खुलवा दीजिए मंत्री जी



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,जिले की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाई अल्मोड़ा मैग्नेसाइट को जिले में संचालित खनन कारोबार को बंद करने के न्यायालय के आदेश पर केंद्र, और राज्य सरकार के सहयोग से संचालित कुमाऊँ की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाई अल्मोड़ा मैग्नेसाइट में सभी खनन कार्य नियमानुसार होने के बाद भी न्यायालय में ठोस पैरवी के अभाव में न्यायालय द्वारा फैक्ट्री को भी अग्रिम आदेश तक बन्द करने के आदेश के बाद क्षेत्रीय जनता के सामने रोजी रोटी का संकट होने साथ ही आठ माह से वेतन नही मिलने, और परिवार के संचालन बच्चों को पढ़ाई करने हेतु उन्हें उचित खर्चा नही दे पाने से कंपनी में काम करने वाले लोग भुखमरी के कगार में आ गए हैं ।लगातार कंपनी खुलने की आश लगाए बैठे लोग वेरोजगारी के चलते मानसिक रूप से भी तनावग्रस्त हो गए हैं ।कम्पनी वर्कर संघ के अध्यक्ष चन्दन रौतेला के नेतृत्व में कंपनी कर्मचारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के शिष्टमंडल अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से मिले ।उन्होंने फैक्ट्री बंद होने के बाद सरकार द्वारा कंपनी वर्कर और क्षेत्रवासियों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अब तक कोई ठोस पहल नही करने पर नाराजगी जताई ।संघ के अध्यक्ष ने कहा कि कंपनी को पुनः संचालित करने को लेकर वे लगातार जिलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री को गुहार लगा चुके हैं ।ऐसे में फैक्ट्री बंद करने के स्पष्ट कारणों का उल्लेख नही हो पाने से सभी कार्यो को मानकानुसार करने के बाद भी न्यायालय में ठोस पहल के अभाव में अब तक कंपनी को नही खोला जा सका है ।अब लोगों के सामने आई रोजी रोटी के संकट, वेरोजगारी, और मानसिक रूप से अवसाद ग्रस्त हुए लोग, सहित अधिकांश लोगों द्वारा परिवार के संचालन के लिए विभिन्न बैंकों से उठाए गए लोन की किश्तों का भुकतान नही हो पाने से कई लोग परेशान हैं।

वही पालड़ीछींना क्षेत्र के क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने कहा कि मैग्नेसाइट फैक्टरी का संचालन जल्द से जल्द करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए ।न्यायालय में क्षेत्रीय लोगों की जनभावनाओं को सम्मान देते हुए स्थानीय लोगों की गुहार भी न्यायालय द्वारा सुनी जानी चाहिए।

# घरेलू गैस का अकाल पड़ा है औरंगाबाद में

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** । औरंगाबाद कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर एक हफ्ते से उपभोक्ताओं को नहीं दिये जा रहे। हाकर साढ़े नौ सौ रुपए वसूल कर चुपचाप सिलेंडर दे देते हैं दूसरी ओर एजेंसी मालिक गैस आपूर्ति ठप्प हो जाने के चलते गैस का अभाव बता रहे हैं। उपभोक्ताओं को समझ ही नहीं आ रहा है कि जब एजेंसी की आपूर्ति ठप्प है तो आखिर गैस एजेंसी के हाकर गैस कहां से लाकर ब्लैक में बेचने और चांदी काटने में मशगूल हैं। कस्बा औरंगाबाद में लगभग एक हफ्ते से उपभोक्ताओं को घरेलू गैस आपूर्ति नहीं की जा रही है। उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटकने को विवश होकर रह गये हैं। ऐसा भी नहीं है कि हर उपभोक्ता को गैस



सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है उन उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर फटाफट मुहिया कराया जा रहा है जो शासन द्वारा निर्धारित आठ सौ साठ रुपए होम डिलीवरी मूल्य की बजाय नौ सौ साढ़े नौ सौ या हजार रुपए तक दे रहे हैं।

# सड़क के किनारे लगे कूड़े के ढेर से निकल रही दुर्गंध

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर साफ सफाई करने की अपील की जा रही हैं। प्रधानमंत्री लगातार अपने संदेश में स्वच्छ भारत मिशन का जिक्र करते हुए अपने आसपास साफ सफाई करने की अपील करते हैं। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं कस्बे के बाईपास मार्ग पर कूड़े का ढेर लगा पड़ा है आने जाने वाले राहगीर दुर्गंध से गुजर रहे हैं पालिका के कर्मचारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं। नगर पालिका परिषद के द्वारा गंगेरू मार्ग पर लाखों रुपए खर्च कर डंपिंग ग्राउंड बनाया गया है। ताकि उसमें कूड़ा करकट डाला जा सके। और




नगर पालिका परिषद के द्वारा कूड़ा कलेक्शन करने के लिए कई गाड़ियां कस्बे में छोड़ रखी है जो कि घर घर पहुंच कर कूड़ा कलेक्शन करती है। इसके बाद भी नगर पालिका परिषद के कर्मचारी नगर की साफ सफाई कर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बाईपास मार्ग पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है जिसमें बेसहारा पशु अपना चारा ढूंढते नजर आ रहे हैं। कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से राहगीर अपना मुंह ढक कर निकलते हैं। कस्बे के बाईपास मार्ग पर लगे कूड़े का ढेर स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लगा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को नगर पालिका कर्मचारी अनदेखी करते हुए अंजान बने हुए हैं। कस्बे के लोगों में पालिका प्रशासन के द्वारा साफ सफाई करने में ढीला रवैया अपनाने में आक्रोश बना हुआ है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि जो भी कर्मचारी कस्बे की साफ-सफाई में लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी साफ-सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# खीरी पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को आलाकतल के साथ दबोचा



मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी**। थाना खीरी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक खीरी और अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में अभियुक्तों के पास से तीन अदद बांका भी बरामद किए गए ।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम नितिन तिवारी, आशिष तिवारी और सूरज तिवारी बताए गए हैं, जो सभी ग्राम कदवैयापुर मजरा महोला थाना खीरी के निवासी हैं। इन पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज थे और लंबे समय से पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी ।थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक महलाब सिंह, उपनिरीक्षक साहब लाल, कांस्टेबल मनीष कुमार, कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल गंगाराम और कांस्टेबल श्याम मोहन शामिल रहे।

# सफाई कर्मचारी संघ की बैठक, सुरेंद्र सिंह अध्यक्ष व अकरम अंसारी महामंत्री बने




वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर पालिका परिषद में उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार के साथ सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार धामा ने की। गुरुवार को नगर पालिका में कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित हुई बैठक में कस्बा निवासी सुरेंद्र सिंह को संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, और अकरम अंसारी को महामंत्री का दायित्व सौंपते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आए दर्जनों कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त महामंत्री अकरम अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की रीढ़ की हड्डी हैं, बिना उनके योगदान के स्वच्छ भारत का सपना अधूरा है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि सफाई केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। इस दौरान कार्यक्रम में दर्जनों सफाई कर्मचारी और संगठन के लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 21 लोगों ने किया रक्तदान

असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा नेता जय वर्धन तिवारी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में एक रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। जिसमें 21 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर की टीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, इसलिए इसे महादान कहा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन उत्सव के बजाय प्रेरणा के माध्यम से मनाया जा रहा है, जो एक अच्छा अवसर है। सांसद पाल ने लोगों से



रक्तदान के लिए आगे आने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में पौधारोपण भी किया ।भाजपा नेता जयवर्धन तिवारी ने सभी लोगों से ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा लेने और रक्तदान में आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर डा. आर के वर्मा, डा. संतोष राय, डा. वीके सिंह, खेमराज, अमित मिश्रा, मारकण्डेय पाण्डेय, राम निवास उपाध्याय, भाजपा नेता व पूर्व प्रधान संजय सिंह, माधव यादव, अखंड पाल, राजेंद्र यादव, गिरीश चतुर्वेदी, द्वारपाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर सवार व्यक्ति के साथ दबंगों ने की मारपीट

**कांधला**। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने अपने गांव के ही कई लोगों पर मारपीट करते हुए घायल करने का आरोप लगाकर पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी विपिन कुमार ने बताया कि वह अपना ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के लिए जा रहा था। पीड़ित का कहना है कि गांव के ही कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि जैसे ही वह गांव की एक चौपाल के समीप पहुंचा तो आरोपियों ने पीड़ित को घेर लिया और ट्रैक्टर से नीचे उतर कर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर अन्य ग्रामीण आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के कारण वह चोटिल हो गया। पीड़ित ने थाने पर पहुंच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक घायल

**कांधला**। थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित जसाला स्वास्थ्य केंद्र के समीप दो बाइकों की टक्कर हो गई दोनों बाइकों की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी रोशन अपने पुत्र जयकरण के साथ बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए आ रहा था। बाइक सवार पिता पुत्र जैसे ही दिल्ली रोड स्थित जसाला कट से साइड बदलकर पेट्रोल पंप की ओर आ रहे थे तो कांधला की ओर से जा रहे बाइक सवार के साथ उनकी टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की भिड़ंत में जसाला निवासी बाइक सवार युवक जयकरण गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी एंबुलेंस विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर**। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर नगर पंचायत बिस्कोहर के साथ विद्युत उप केंद्र कठौतिया रामनाथ में विशेष पूजा पाठ का आयोजन किया गया। घरों के साथ बढ़ई व बेल्डिंग के दुकानों में भगवान की आराधना की गई। बुधवार को देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती नगर स्थित बस स्टाप पर पवन गुप्ता भोजवाल , बढ़ई मोहल्ला में हरखे विश्वकर्मा , मनीराम विश्वकर्मा , धनीराम विश्वकर्मा , परशुराम तिराहा पर प्रकाश विश्वकर्मा , छोटू कौशल व फुलपुर राजा में कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने अपने - अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों पर मंत्रोच्चारण के बीच भगवान का पूजन कर प्रसाद वितरण किया।

# अल्मोडा मैग्नेसाइट लिमिटेड कम्पनी को अतिशीघ्र खोलने की मांग को लेकर वर्कर यूनियन और क्षेत्रीय लोग पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, कुमाऊँ क्षेत्र की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाई अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी में सैकड़ो लोगों को रोजगार दिलाने वाली प्रमुख औद्योगिक इकाई को उच्च न्यायालय द्वारा अग्रिम आदेशो तक संचालन हेतु बंद किए जाने से क्षेत्रीय जनता और कंपनी कर्मियों के परिवारजनों पर रोजी रोटी का संकट आ गया है। न्यायालय द्वारा जिले में समस्त सोप स्टोन खदानों में लगी रोक के आदेश में अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री को भी सभी मानकों में खरा उतरने के बावजूद भी न्यायालय द्वारा संचालन की छूट नही मिल पाने से हजारों लोगों दिनचर्या प्रभावित हो गई है ।आलम यह है कि क्षेत्र के लोग रोजी रोटी और परिवार के



संचालन में फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोगों के साथ साथ साथ क्षेत्रीय लोगों के व्यवसाय पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सभी नियमों का पालन कर फैक्ट्री पूर्व से ही आर्थिक संकट से जूझ रही थी ।पर न्यायालय के आदेश के बाद जिले में खनन पर रोक लगाने से पूर्व न्यायालय में फैक्ट्री प्रबंधन को प्रभावी तरीके से संचालन होने के बाद भी मैग्नेसाइट फैक्ट्री को अब तक संचालन की छूट नही मिल पाई है ।जिससे अब क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था चरमरा गई है ।कंपनी बंद होने से सैकड़ों स्थायी और अस्थायी दैनिक कर्मियों संचालन होने के बाद भी न्यायालय में कंपनी के संचालन के सम्बंध में प्रभावी तरीके से पैरवी नही हो पाने तथा फैक्ट्री को बंद करना पड़ा। जबकि न्यायालय में खनन नियमावली में सभी मानकों को पूरा करने, के बावजूद भी अल्मोडा मैग्नेसाइट लिमिटेड की झिरौली मैग्नेसाइट खदान को ठोस पैरवी के अभाव में कंपनी बंद करने के कारण, कंपनी बंद होने से इसका स्थानीय लोगों और उनकी जीवनशैली पर पड़ने वाले दुष्परिणामो के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज किए जाने से फैक्ट्री के बंद होने से हजारों मजदूर और कर्मी अपने परिवार के भरण पोषण और रोजमर्रा की जरूरतों को आर्थिक संकट के चलते पूरा नही कर पा रहे हैं।

# पत्रकारों के उत्पीड़न से संबंधित ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग किया

वेलकम इंडिया



**वाराणसी** । चंदौली पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में दर्जनों पत्रकार गुरुवार को चंदौली के जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग से मुलाकात कर उन्हें पत्रकारों के उत्पीड़न से संबंधित ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग किया। जिलाधिकारी ने पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पाठक ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि नौगढ़ से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बलवंत यादव का पड़ोसियों से जमीन का विवाद है, जिसमें नौगढ़ के तत्कालीन एसडीएम द्वारा पक्की पैमाइश का निर्देश दिया गया था। पीड़ित पक्ष ने आदेश के विरुद्ध अपर आयुक्त प्रशासन मंडल वाराणसी के कोर्ट में अपील दाखिल किया है, जहां सुनवाई हेतु तिथि मुकर्रर की गई है। इसी बीच विपक्षी राजस्व टीम को प्रभाव में लेकर जबरन पैमाइश करवाना चाहते हैं, जो विधि विरुद्ध है। इसके साथ ही जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया गया कि मुगलसराय से प्रिंट मीडिया के पत्रकार मनमोहन कुमार तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार राजेश गोस्वामी द्वारा अलीनगर थाना क्षेत्र के आलू मिल स्थित एक फर्जी अस्पताल संचालक के विरुद्ध खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। अस्पताल संचालक खबर से क्षुब्ध होकर उपरोक्त दोनों पत्रकारों के विरुद्ध स्थानीय थाने में अपने धन-बल का प्रभाव दिखाते हुए फर्जी मुकदमा दर्ज करवा कर पत्रकारों को प्रताड़ित कर और करवा रहा है। जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग ने दोनों मामले को गंभीरता से लेते हुए पत्रकारों को आश्वस्त किया कि हर हाल में पत्रकारों के उत्पीड़न पर रोक लगाया जाएगा और उन्हें न्याय मिलेगा। जिलाधिकारी ने एसडीम नौगढ़ को फोन पर निर्देशित किया कि पीड़ित बलवंत यादव के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए दोष गुण के आधार पर पीड़ित को न्याय दिलाए। जिलाधिकारी से मिलने वालों में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक, जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष मधुप श्रीवास्तव, जिला संयोजक नंदशंकर पाठक, सदर तहसील अध्यक्ष जयशंकर अग्रहरि, चकिया तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नागवंशी, सकलडीहा तहसील अध्यक्ष रजनीकांत पांडे, नौगढ़ तहसील अध्यक्ष मदन मोहन विश्वकर्मा, पीपीसी मेंबर सुधीर उपाध्याय, रजनीकांत प्रभंजन, मिथिलेश गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, नितिन अग्रहरि, मधु कुमारी, सुमित सिंह, बलवंत यादव, मनमोहन कुमार, राजेश गोस्वामी सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच चलने वाले भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान के निमित्त



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर नगर मण्डल के कमलावती मदनलाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया व भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक भाटी उपस्थित रहे ।सेवा पखवाड़ा अभियान के गढ़ नगर संयोजक रोहित मल्होत्रा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर नगर में लगने वाले रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त दान किया गया ।कार्यक्रम में इस अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक भाटी, जिला मंत्री पिंकी त्यागी, निवर्तमान विधायक कमल सिंह मलिक, ब्लॉक प्रमुख जगदीश कर्दम, रामौतार राजोरा, विद्यालय प्रबन्धक अनिल आर्य, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र चौहान, गढ़ नगराध्यक्ष दीपक गौड़, महामंत्री रोहित मल्होत्रा, गोपाल ठाकुर, उपाध्यक्ष सोनू वर्मा, आशीष कजानिया, प्रदीप निषाद, रिंकू शुक्ला, मंत्री अमित गुप्ता, अनुराग आर्य, शोभित ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, करन गौतम, पवन शर्मा, टिंकू शर्मा, नितेश शर्मा, योगेन्द्र राजपूत, अवतार सिंह आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संघर्ष सेवा समिति ने दो कन्याओं के विवाह में दी अनूठी सौगात

वेलकम इंडिया

**झाँसी** । समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्यरत संघर्ष सेवा समिति ने एक बार फिर अपनी समाजसेवी पहल से मिसाल कायम की है। समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी की अगुवाई में झाँसी की दो जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान कर उनके परिवारों के चेहरे खिल उठे। बड़ा बाजार निवासी आसमा पुत्री मोहम्मद जुबेरी की महोबा से बारात आई थी। आसमा के पिताजी पहले ट्रक मिस्त्री का कार्य करते थे, परन्तु वर्तमान में कैंसर पीड़ित होने के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद परिवार ने बेटी के विवाह की तैयारी की थी, जिसमें समिति ने सहयोग का हाथ बढ़ाया। दूसरी कन्या काजल पुत्री नसीर निवासी दतिया गेट बाहर का विवाह सागर गेट से बारात लेकर आये दूल्हे के साथ सम्पन्न हुआ। काजल के पिता पहले टेलर का कार्य करते थे, लेकिन स्वास्थ्य सही न होने के कारण अब कार्य नहीं कर पा रहे हैं। काजल के विवाह में भी समिति ने सहयोग प्रदान किया। दोनों कन्याओं को विवाह से पूर्व झाँसी के प्रतिष्ठित कलर्स ब्यूटी पार्लर से विशेष रूप से तैयार करवाया गया। इसके बाद संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर उन्हें सम्मानपूर्वक उपहार भेंट कर विदाई दी गई।

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, स्थानीय लोग एवं परिजन उपस्थित रहे। डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि ह्नजरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना संघर्ष सेवा समिति की प्राथमिकता है। समाज में जो सक्षम हैं, उन्हें भी ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।ह्व स्थानीय लोगों ने समिति के इस कदम को सराहते हुए इसे समाजसेवा का प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, दीक्षा साहू, मिथिलेश मिश्रा, मुस्कान विश्वकर्मा, राकेश अहिरवार, आदि उपस्थित रहे।

## वाराणसी पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता का हुआ जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद** ।वाराणसी गुरुवार की दोपहर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का पार्टी कार्यकताओं समेत अन्य पदाधिकारियों ने एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस तक जोरदार स्वागत किया ।लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का भाजपा प्रोटोकॉल प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा काशी प्रांत शैलेश पांडेय ने स्वागत किया वही सर्किट हाउस पहुंचे पर भाजपा कार्यकताओं के साथ पीपीसी के प्रदेश महासचिव पवन त्रिपाठी व विनीत त्रिपाठी द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर व मोमेंटो देकर राष्ट्रीय प्रवक्ता का जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भरत निधि तिवारी, संतोष कुमार दूबे, राजकुमार जायसवाल, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अभिषेक यादव, अमित पाठक, गौरव मिश्रा, शैलेन्द्र गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, अमन कुमार, अमित, अमृत लाल, अजय दूबे समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड का सपना देख रही युवतियों के लिए मॉडलिंग की पाँच जरूरी खूबियाँ, वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने बताए सफलता के टिप्स

वेलकम इंडिया



अगर आप भी मिस इंडिया, मिस वर्ल्ड या मिस यूनिवर्स बनने का सपना देख रही हैं तो यह खबर आपके लिए खास है। मॉडलिंग की दुनिया केवल खूबसूरती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, स्टाइल और धैर्य की भी अहम भूमिका होती है। वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने मॉडलिंग क्षेत्र में सफलता पाने की राह बताई और कहा कि ह्ननेम, फेम और पैसा तो मिलेगा, लेकिन इसके लिए जरूरी है सही दृष्टिकोण, समर्पण और व्यक्तित्व का विकास। सचदेवा ने बताया कि आज मॉडलिंग का क्षेत्र पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। उन्होंने कहा, ह्नहर कोई नाम कमाना चाहता है, लेकिन इसके लिए खुद को पूरी तरह तैयार करना होगा। मॉडलिंग केवल फिजिकली फिट रहने का खेल नहीं है, बल्कि इसमें आपकी सोच, प्रस्तुति और आत्मविश्वास भी परखा जाता है।

मॉडलिंग के प्रकार जिन्हें जानना जरूरी है:

1. रैंप मॉडलिंग स्टेज पर वॉक करते समय आपकी बॉडी लैंग्वेज, चाल और आत्मविश्वास देखा जाता है। आधुनिक फैशन को पेश करने का यह बेहतरीन मंच है।

2. टेलीविजन मॉडलिंग टीवी विज्ञापन, फिल्म और सोशल मीडिया पर काम करने के लिए कैमरे के सामने सहज रहना जरूरी है।

3. प्रिंट मॉडलिंग फोटोशूट के जरिए न्यूजपेपर, कैलेंडर और अन्य प्रचार सामग्री में आपके व्यक्तित्व को दशार्या जाता है।

मॉडलिंग में जरूरी पाँच खूबियाँ:

लंबाई और फिटनेस महिलाओं की लंबाई कम से कम 5 फुट 7 इंच और पुरुषों की 5 फुट 10 इंच होनी चाहिए। शरीर स्वस्थ और संतुलित होना जरूरी है।

फोटोजेनिक चेहरा आपकी खूबसूरती तो देखी जाएगी ही, लेकिन कैमरे के सामने सहज दिखना सबसे बड़ी आवश्यकता है।

जीरो फिगर और आकर्षण आपकी फिटनेस और स्टाइल मॉडलिंग में पहचान दिलाते हैं।

स्टाइल और एटीट्यूड स्टेज पर आपकी उपस्थिति ही दर्शकों को प्रभावित करती है। कुछ नया लेकर आना और आत्मविश्वास से भरपूर रहना जरूरी है।

सेल्फ कॉन्फिडेंस बिना आत्मविश्वास के मॉडलिंग में सफलता पाना कठिन है। मुस्कान और संवाद कौशल भी आपकी पहचान बनते हैं।

सचदेवा ने कहा, मॉडलिंग सिर्फ दिखावे का नहीं, बल्कि खुद को जानने और निखारने का रास्ता है। इसमें धैर्य, मेहनत और सकारात्मक सोच से ही आगे बढ़ा जा सकता है।जो लड़की अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होगी, वही मिस इंडिया या मिस वर्ल्ड का सपना साकार कर सकती है।

उनकी यह सलाह उन सभी युवतियों के लिए प्रेरणा है जो ग्लैमर की दुनिया में नाम, शोहरत और आत्मनिर्भरता हासिल करना चाहती हैं। सचदेवा की सफलता कहानी यह बताती है कि दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## अनुसूचित आयोग अध्यक्ष मान किशोर मकवाना से मुलाकात करने पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी




एहसान अंसारी

**नई दिल्ली:** गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी दिल्ली के लोकनायक भवन में राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष मान किशोर मकवाना से मुलाकात की। ममता कुमारी ने कहा अध्यक्ष मान किशोर मकवाना मिलकर देश की अनुसूचित समाज के छात्र छात्राओं पर विशेष चर्चा हुई। सामाजिक समरसता हमारे देश की रीढ है ।समरथ भारत समर्थ भारत पर विचार मंथन हुआ। साथ में आयोग के सदस्य मान वड्डे पल्लवी रामचंद्र भी मौजूद रहे। वही राष्टीय अनुसूचित आयोग अध्यक्ष मान किशोर मकवाना को झारखंड आने का आमंत्रण दिया और उन्होंने स्वीकार भी किया है।

## बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी की प्रतिमा का स्थापना दिवस एवं पेरियार जी की जयंती मनाई

वेलकम इंडिया



**बड़ागांव (झांसी)**- डॉ बी आर अम्बेडकर समिति के तत्वावधान में डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क में सामाजिक क्रांति समतामूलक समाज को स्थापित करने बाले भारतीय संविधान निमार्ता बोधिसत्व भारतरत्न परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा का 4 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया एवं साथ में ई वी पेरियार रामास्वामी नायकर जी की जयंती भी मनाई गई।

सबसे पहले बाबा साहब की प्रतिमा पर एवं पेरियार जी के चित्र पर सभी उपासक उपासकाओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। डॉ अम्बेडकर समिति अध्यक्ष आयुष्मान कमलेश कुमार चौधरी के द्वारा सभी से त्रिशरण, पंचशील पाठ, बुद्ध, धम्म, संघ वंदना कराई गई। कुछ वक्ताओं ने बाबा साहब और पेरियार जी के जीवन संघर्षों पर विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर मनोहर लाल से॰नि॰डी आर ओ, कैलाश नारायण, हर्षित राणा, बृषभान परिहार, रमेश चंद्र दुबे, दीपू शर्मा, भारती चौधरी, चन्दा बौद्ध, सावित्री देवी, श्वेता चौधरी, संघ रक्षिका, महक, रेखा अहिरवार, दयाराम अहिरवार जितेन्द्र कुमार, जशोदी कुशवाहा, विनोदकुमार, शिवराम, मदन, काशीराम श्रीराम, घनाराम, अहिंसक, आदित्य, राजकुमार, शिवांश राव, आशुतोष राणा, अजय राज, आदि उपस्थित रहे संचालन कमलेश कुमार चौधरी ने किया और सभी का आभार व्यक्त समिति के सचिव मेहरबान सिंह ने किया बाद में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

## सोनवीर सिंह बघेल ने जिला आगरा से साइकिल यात्रा चलकर गुजरें और मुजफ्फरनगर सिसौली तक जाएंगे कुराना टोल प्लाजा पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर क्षेत्र के कुराना टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चौधरी कलुआ सिंह के द्वारा मेरठ मंडल महासचिव भवेंद्र सिंह सिसोदिया को फोन पर सूचना प्राप्त हुई की आपके धौलाना तहसील क्षेत्र के कुराना टोल प्लाजा को होकर सोनवीर सिंह बघेल जिला आगरा से साइकिल यात्रा चलकर गुजरेंगे यह यात्रा किसने की राजधानी मुजफ्फरनगर सिसौली तक जाएंगे वहा नरेश टिकैत और राकेश टिकैत जी से उनके निज निवास पर पहुंचकर अपने क्षेत्र के किसानो व मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु विचार विमर्श करेंगे इसकी सूचना मिलते ही हम अपनी टीम के साथ सही समय पर कुराना टोल पर पहुंच गए और अपने साथियों सहित आगरा से साइकिल से चला कर आए आये सोनवीर सिंह बघेल का टोल प्लाजा पर फूल माला पहनकर स्वागत किया उनकी यात्रा का हाल-चाल जाना साथ रहे मो साजिद मेरठ मंडल उपाध्यक्ष मो जाकिर दहिरपुर ग्राम अध्यक्ष बाल बालचंद गुर्जर सुरेंद्र राघव चौधरी सत्येंद्र मोहम्मद जीशान मोहम्मद शमशाद मोहम्मद आमिर मोहम्मद अजीम सुनील गुर्जर मोहित रावत मोहम्मद नावेद मोहम्मद साकिब जॉनी आदि मौजूद रहे।

## बबीना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**बबीना (झाँसी):** 18 सितम्बर 2025 आगामी शारदीय नवदुर्गा, दशहरा एवं अन्य पर्वों को लेकर थाना बबीना परिसर में आज दोपहर 01:30 बजे थाना प्रभारी इंस्पेक्टर तुलसीराम पाण्डेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन से आए दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई और त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई ।सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निर्देश इंस्पेक्टर पाण्डेय ने नवदुर्गा कमेटी के आयोजकों से कहा कि पंडालों में सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। भक्ति तभी सार्थक है जब सुरक्षा और अनुशासन का पालन हो, क्योंकि सतर्कता से ही श्रद्धा पूर्ण होती है, *इंस्पेक्टर ने कहा विसर्जन को लेकर हिदायत* विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया कि विसर्जन के दिन बच्चों और महिलाओं को विसर्जन स्थल पर न ले जाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही सभी समितियों से अनुरोध किया गया कि पंडालों और शोभायात्राओं में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी, प्रकाश व स्वास्थ्य संबंधी इंतजाम भी हों। धार्मिक उद्बोधन और प्रेरणादायी संदेश बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा– *माँ दुर्गा शक्ति और सद्गुणों की प्रतीक हैं। उनकी उपासना से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम बुराई पर विजय प्राप्त कर समाज में धर्म, न्याय और करुणा का विस्तार करें। विजयादशमी हमें यह सिखाती है कि असत्य कितना भी प्रबल क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। माँ दुर्गा की आराधना हमें एकजुट होकर समाज में प्रेम, सहयोग और शांति बनाए रखने का संदेश देती है। अधिकारी और नागरिक रहे उपस्थित *बैठक में उपनिरीक्षक गंभीर सिंह, उपनिरीक्षक रामकेश, उपनिरीक्षक नकुल सिंह, उपनिरीक्षक अतुल पाण्डेय, उपनिरीक्षक पवन प्रजापति, उपनिरीक्षक रमाकांत त्रिवेदी, हेड कांस्टेबल ब्रजेश सिंह, माजिद खान दीवान, बबीना रूरल प्रधान दीनदयाल अहिरवार, हाजी सलीम खान, शौकत अली, जगदीश बिलईया, सुरेंद्र कुमार समाधिया, अभय कुमार जैन, लखन लाल साहू, सुरेंद्र गाँधी, बड़े राजा चमरौआ, करतार सिंह, मनोज गुप्ता नाना, सोनू विश्वकर्मा, बृजेन्द्र पाठक, दीपक सेन, अमित रैकवार, प्रभु दयाल, उमेश पाण्डेय, रविंद्र बागड़ी, ललित साहू, रवि मसी, हरदयाल, कमल सिंह विश्वकर्मा, डॉ बाबूलाल नामदेब, डॉ रामकिंकर नामदेव, डा सलीम खान चिस्ती, काशीराम कुशवाहा, सुनील यादव जलनिगम, ब्रजेश कुमार झा, मनोज साहू, विकास साहू, शंकर साहू, वीरेंद्र साहू उर्फ ढप्पू, मदन रैकवार, पुष्पेंद्र यादव, सचिन रैकवार, प्रकाश चंद जैन, सागर, शिवकुमार गुप्ता, इन्दर सिंह पूर्व प्रधान, व्यापारी बंधु, पत्रकार, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ नागरिक, नवदुर्गा आयोजक समिति के पदाधिकारी, डी.जे. संचालक, बबीना नगर के धर्मगुरु सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# ब्रज की भगतलीला का भूटान में गूंजा दो दिन नक्कारा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भूटान सरकार के नेहरू-वांगचुक सांस्कृतिक केन्द्र (गृह मंत्रालय, सांस्कृतिक विभाग थिम्पू, भूटान) द्वारा आयोजित 6 दिवसीय इंटरनेशनल इंडो-भूटान फेस्टो के उद्घाटन अवसर पर ब्रज की सुप्रसिद्ध संस्था ब्रज संस्कृति केन्द्र, मथुरा के कलाकारों के द्वारा ब्रज की परम्परागत भगतलीला - *दानवीर राजा मोरध्वज* तथा दूसरे दिन- *निशि भोजन निषेध* का मंचन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार व लोकनाट्य विशेषज्ञ आचार्य डॉ. खेमचंद यदुवंशी शास्त्री के निर्देशन में किया गया। इससे पूर्व भूटान सरकार के गृह व संस्कृति मंत्री लोयपो शेरूब ग्याल्त्शेन व भारतीय राजदूत संदीप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति कला व साहित्य बेहद समृद्ध हैं जिनमें से भगतलीला सबसे पुरानी अर्थात सतयुग कालीन लोकनाट्य है और आज हम उसे भूटान की धरती पर देख पा रहे हैं यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर भारतीय लोकनाट्यों का परिचय देते हुए आचार्य डॉ. खेमचंद यदुवंशी शास्त्री ने कहा कि भगतलीला का उदय लीला नाटकों से भी पहले मथुरा के मंदिरों से सतयुग में हुआ और धीरे धीरे मथुरा, वृंदावन, हाथरस आदि क्षेत्रों से पनपती हुई पूरे भारत में व्याप्त हो गई और 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में हाथरस के पंडित नत्थाराम गौड़ के द्वारा विश्व के अनेकानेक देशों तक पहुंचाई गई, जो वर्तमान में भी विश्व स्तर पर स्थापित है क्योंकि इसके अंतर्गत गायन अभिनय व नृत्य तीनों का समावेश होने के कारण सभी भाषाई इसे बेहद पसंद करते हैं। कुछ लोगों ने भगतलीला के एक स्वरूप नौटंकी शब्द को एक मुहावरा बना दिया गया है जो गलत है, उन्हें भगतलीला/नौटंकी के वास्तविक स्वरूप को समझना होगा मुहावरे के रूप में प्रयोग बंद करना होगा। तदोपरांत नक्कारे की खनक के साथ भगतलीला दानवीर राजा मोरध्वज का मंचन प्रारम्भ हुआ जिसमें दशार्या गया कि कृष्णभक्त कृष्णभक्त दानवीर राजा मोरध्वज ने साधु रूप में अपने द्वार पर आए भगवान श्रीकृष्ण व अर्जुन के मांगे जाने पर अपने एकमात्र पुत्र युवराज ताम्रध्वज को आरे से चीर कर उनके साथ आए शेर के भोजनार्थ दान में दे दिया गया, उनकी भक्ति और दानवीरता देख कर अर्जुन नतमस्तक हो गया तब श्रीकृष्ण युवराज को जीवित कर मोरध्वज को परमभक्ति का वरदान भी देते हैं। दूसरे दिन जैनधर्म के अनुसार रात्रि भोजन त्याग की भावना को बलवती बनाने के उद्देश्य से भगतलीला- *निशिभोजन निषेध* मंचित की गई जिसमें दशार्या गया कि जैन कन्या मधुलिका का विवाह एक गैर जैन परिवार में हो जाता है जहां वह रात्रि के समय भोजन नहीं करती, जिस पर ससुराल पक्ष उसे जब समझाने का प्रयास करता है तब वह उन्हें रात्रि भोजन के वैज्ञानिक दोष व दिन में भोजन करने के अनेकानेक लाभ बताती है परिणाम स्वरूप पूरा परिवार रात्रि भोजन त्याग कर दिन के समय ही भोजन करने लगता है। बहू की यह सीख अन्य पड़ोसी भी अपनाकर बीमारियों से मुक्त हो जाते हैं जिस पर मौहल्ले का डॉक्टर नाराज हो जाता है क्योंकि उसकी डॉक्टरी की दुकान बन्द होने के कगार पर आ गई, ईश्यावश डॉक्टर उसके पति को रात्रि के समय एक रेस्टोरेंट में ले जा कर विषाक्त भोजन खिलाता देता है जिससे पति की घर लौटने पर तबियत खराब होकर तत्काल मृत्यु हो जाती है। पूरे घर में कोहराम मच जाता है, प्रातः होने बहू जैन मंदिर में जाती है तथा मूलनायक जिन भगवान से अपने सुहाग की रक्षा हेतु प्रार्थना करती है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन दिवस मनाया गया

**रामघाट/नरौरा/डिबाई।** राजघाट रोड के नरौरा पब्लिक स्कूल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित देश के लोकप्रिय नेता एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर ₹सेवा पखवाड़ा अभियान₹ के अंतर्गत ₹विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया ।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत के स्वरूप को विभिन्न विषयों के माध्यम से चित्रित किया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रप्रभा वार्ष्णेय रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल मंत्री सोनिया भारद्वाज, वरिष्ठ कार्यकर्ता शशि शर्मा तथा जिला आईटी प्रमुख नील भारद्वाज उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की चेयरपर्सन पूनम पाराशर ने की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनोरमा शर्मा, उप प्राचार्य गौरव गोयल, स्कूल कॉर्डिनेटर गार्गी शर्मा, निशा कौशिक, कुमारी डिम्पल वर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चार गायक चिकित्सकों ने रसखान समाधि पर भजन संध्या में समा बाँधा

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं जी.एल.ए. विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे सांझी महोत्सव-2025 के अंतर्गत रसखान समाधि के मुक्ताकाशीय मंच पर एक शानदार और अविस्मरणीय भजन संध्या का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव को समर्पित स्तुति गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु... से हुआ। इसके पश्चात दूरदर्शन की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना चेतन शर्मा ने मनमोहक कथक प्रस्तुति देकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में मुख्य गायक डॉ. खेमचन्द धाकड़ (सीएमएस, जिला अस्पताल आगरा) रहे। उनके साथ डॉ. सत्यवीर सिंह (एमबीबीएस, एमडी, डीएल), डॉ. दुष्यन्त कुमार (एमबीबीएस, एमडी झ केडी मेडिकल कॉलेज), डॉ. प्रेमसिंह (एमबीबीएस, एमएस झ प्रोफेसर, मेडिकल कॉलेज कन्नौज) तथा प्रसिद्ध गायक धर्मवीर सिंह (पूर्व जिला समन्वयक, पंचायतराज विभाग) ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्ति रस की गंगा बहा दी। संगीत सहयोग म्यूजिकल ग्रुप का नेतृत्व मुकेश कुमार ने दिया। उल्लेखनीय है कि सीएमएस डॉ. धाकड़ प्रतिवर्ष आगरा की जनकपुरी रामबरात, ताज महोत्सव एवं अन्य बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर करते आए हैं।

# नगर निगम ने सुनरख में चलाया विशेष सफाई अभियान



वेलकम इंडिया

**मथुरा ।** नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित वृहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरुवार को वार्ड 13 सुनरख मे नगर आयुक्त जग प्रवेश वर्मा की उपस्थिति में नगर निगम की टीम द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र में सफाई एवं कूड़ा निस्तारण का कार्य कर विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया ।इस अभियान में नेचर ग्रीन कंपनी के परियोजना प्रबंधक अभिलाष सांगवान ऑपरेशन प्रभारी अभिषेक बाजपेई व पूरी नेचर ग्रीन की टीम की सक्रिय भागीदारी रही ।जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वच्छता कार्य के दौरान क्षेत्र में सड़कों की सफाई, नालियों की सफाई, कूड़ा उठान एवं छिड़काव का कार्य किया गया। नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें, कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग दें।

# उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय में ज्योति सिंह बनीं कनिष्ठ सहायक

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** जैंत गांव निवासी ज्योति सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आयोजित एक समारोह में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा है। ज्योति ने यह सफलता उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को उत्तीर्ण करके हासिल की है। अब उनकी नियुक्ति उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय में हुई है।

अपनी सफलता का श्रेय ज्योति ने अपने पिता ओमप्रकाश को दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शिक्षा गांव में रहकर ही पूरी हुई, जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचने में मदद की। ज्योति को इस परीक्षा में इंडस्ट्री डिपार्टमेंट में दूसरा स्थान मिला है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी नियुक्ति जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, मथुरा में हुई है। ज्योति की इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है। उनके पिता ओमप्रकाश के साथ-साथ ताऊ पोहप सिंह, अजय राजावत, उमेश, शिव पुंडीर, विक्रांत, दीपक, लता सिंह, देव, तरुण आदि ने उन्हें उन्हें बधाई दी।

# ग्राम क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र में आपसी समन्वय से कार्य करें अधिकारी- रविशंकर

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, छठे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रविशंकर, सदस्य डॉ. एम.सी. जोशी एवं पी एस जंगपांगी ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। आयोग के अध्यक्ष और सदस्य दो दिवसीय भ्रमण पर बागेश्वर पहुंचें है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आयोग के सदस्यों का विकास भवन सभाकक्ष में पुष्प गुच्छ देकर औपचारिक स्वागत किया ।आयोग की टीम ने जनपद के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों के साथ परामर्श बैठक सम्पन्न की। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने राज्य वित्त आयोग की भूमिका एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। अधिकारियों द्वारा बागेश्वर जनपद की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों तथा अब तक हुए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया ।बैठक का आयोजन क्रमवार विभागीय रूप से किया गया, जिसमें सर्वप्रथम ग्रामीण निकायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा हुई, तत्पश्चात नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों से संवाद किया गया। और अंत में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी बातें आयोग के समक्ष रखीं। समस्त जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े राजस्व, व्यय, कचरा प्रबंधन, कर संग्रह एवं पंचायत भवनों से संबंधित मुद्दों को सामने रखा। जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने अवगत कराया कि जिला पंचायत का भवन अभी तक जिला पंचायत के नाम पर दर्ज नहीं है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने गृहकर (हाउस टैक्स) की विसंगतियों सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी स्थानीय समस्याओं को सामने रखा, जिनमें कचरा निस्तारण, सीवरेज व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य नगरीय सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे ।आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्रत्येक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी की बात को गंभीरता से सुना और उनके सुझावों व शिकायतों का विस्तार से उत्तर दिया।

# गोवर्धन में अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियां पूर्ण -अध्यक्ष बांचे लाला

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** गोवर्धन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव हर्ष धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयंती महोत्सव के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल उर्फ बांचे लाला ने बताया पांच दिवसीय महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समाज के लोगों को निमंत्रण दिए जा चुके हैं। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और समाज के लोग जुटे हुए। 20 सितंबर को सुबह हाथी दरवाजा स्थित ठाकुर श्री राधा रमन जी का अभिषेक पूजन किया जायेगा।

दोपहर 3 बजे होटल चंद्रा गार्डन से श्री गणेश कलश शोभा यात्रा महिलाओं के द्वारा निकाली जाएगी। इसमें सभी महिलाएं एक ही वस्त्र धारण किए हुए नजर आयेंगी।21 सितंबर को मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर में दोपहर 1 बजे बालिकाओं के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे बालक एवं बालिकाओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता होगी। 22 सितंबर को मुरारी कुंज में दोपहर दीप प्रज्वलन, रूप सजा प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे आजीवन सदस्यों का सम्मान समारोह और शायद 4 बजे स्वलप आहार होगा। 23 सितंबर को महाराजा श्री अग्रसेन के 18 राजकुमारो सहित आकर्षक झाकियो के साथ भव्य शोभा यात्रा मुरारी कुंज से सायं 7 बजे कस्बे में निकाली जाएगी। 24 सितंबर को 5 बजे प्रतियोगिता पुरस्कार एवं स्वरूप सम्मान व धर्मशाला हेतु भूमि दानदाताओं का सम्मान समारोह और रात्रि को 9 बजे से कवि सम्मेलन बरसाना रोड स्थित होटल चंद्रा गार्डन में होगा। जिसमें कवि कमल मनोहर लक्ष्मण नेपाली अजय राजेश लोपोट कोमल नाजुक साबिया असर कवि सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष बांके बिहारी सिंघल गिरधारी लाल सिंघल मुकेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री लक्ष्मी चंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल मंत्री बांके बिहारी सिंगल संगठन मंत्री राजेंद्र अग्रवाल प्रचार प्रसार मंत्री गजेंद्र अग्रवाल गज्जू चक्की वाले आदि तैयारी में जुटे हुए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिजनों का हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** थाना गोवर्धन के गांव महरौली में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है जिसमें बरसाना के रहने वाली विवाहिता बरसा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी और ससुराली जनों पर दहेज हत्या के आरोप लगाकर थाना गोवर्धन में प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी बरसा की शादी उन्होंने 2019 में दिनेश पुत्र मुरारी लाल के साथ तय की थी 24 जनवरी 2019 की तय तिथि के अनुसार रीतिरिवाज से सादी की रस्म पूरी की गई जिसमें उनके द्वारा शादी में करीब पांच लाख रुपए खर्च किए गए। विवाहिता के भाई खेमराज ने गोवर्धन थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शादी के कुछ समय तक तो दिनेश और उसके परिवार के द्वारा उसकी बहन वर्षा को सही रखा गया लेकिन कुछ ही दिनों बाद ससुराली जनों द्वारा उसकी बहन वर्षा से मोटरसाइकिल और अन्य वस्तुओं की मांग की जाने लगी। जिसे लेकर कई बार इसके पति दिनेश और अन्य परिजनों के द्वारा उसको प्रताड़ित भी किया गया। कई बार दोनों पक्षों में सुलह समझौते को लेकर पंचायत भी की जा चुकी है लेकिन फिर भी कल रात को मेरी बहन की गला घोट कर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृतका के दो बच्चे हैं। घटना की जानकारी करते वक्त पुलिस के द्वारा एक बच्चे के भी बयान लिए गए जिसमें बच्चे ने अपने पिता के द्वारा मां को मारने की बात कही। घटना की सूचना पर डायल 112 और गोवर्धन पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुटी हुई है।

# आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक हुई सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में आगामी नवरात्रि/दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में रामलीला समिति एवं मां काली की शोभायात्रा की आयोजन समिति के सदस्य सहित संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में जनपद में अयोजित होने वाली रामलीला मंचन, शोभायात्रा के बारे में आयोजन समिति के सदस्यों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निर्देशित किया गया कि कोई भी आयोजन बिना अनुमति के आयोजित नहीं हो। कोई भी गैर परंपरागत आयोजन नही हो पूर्व की भांति ही रामलीला एवं शोभायात्रा का आयोजन करे। उप जिलाधिकारी एवं सीओ को निर्देश दिए गए कि संबंधित अधिकारियों के साथ शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण कर ले। मार्ग में पड़ने वाले विद्युत की जर्जर तार को सही कराया जाए। सड़को में गड्ढे होने पर उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। सभी थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर निर्देशों के बार में आयोजनकताओं को अवगत करा दे। शोभायात्रा में विगत वर्ष की तरह ही व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता के अनुसार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर व्यवस्था कराए। छोटी से छोटी घटना का संज्ञान लेकर कार्यवाही करे। शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही की जाए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विषेश निगरानी रखे। नवरात्रि के अवसर पर बेलोन माता मंदिर एवं चोढ़ेरा में आने वाले श्रद्धालुओ के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। साफ सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था कराए। रामलीला मंचन वाले स्थल पर साफ सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था हो। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसी टीवी कैमरे, पुलिस बल की तैनाती करे। फायर सेफ्टी के लिए फायर विभाग से अनुमति लेकर उपकरण की उपलब्धता हो। रावण दहन सुरक्षित स्थल पर किया जा रहा है इसका भी सत्यापन कर लिया जाए। नवरात्रि पर्व के अवसर पर दिल्ली की ओर से माता की जोत लेकर आने वाले श्रदालुओ के मौके पर जाम की स्थिति नही बने इसके लिए रूट प्लान बनाकर यातायात संचालित कराए।

# बड़ी धूमधाम से निकाली गई शहर में श्री राम जन्म भव्य शोभा यात्रा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2025 में श्री राम जन्म भव्य शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ चामुंडा पेपर मिल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गुप्ता के द्वारा किया गया। यात्रा श्री मंशा देवी मंदिर बुलंदशहर रोड से प्रारंभ होकर कोठी गेट होते हुए, कसेरठ बाजार बाजार बजाजा से छोटी मंडी, बड़ी मंडी पाटिया, सरार्फा बाजार से चंडी रोड, पक्का बाग, अतरपुरा चौपला से रेलवे रोड, फ्री गंज रोड, तहसील चौपला से होते हुए रामलीला ग्राउंड पहुंची। जिसमें अनेकों बैंड, बग्गीया, झांकी, ताशे, नपीरी, नगाड़े, डीजे व घोड़े, ऊंट आदि निकाले गए। यात्रा जैसे ही बाजारों में पहुंची दर्शकों का उत्साह देखते ही बढ़ता चला गया। लोगों ने फूलों की माला पहनाकर और फूलों की वर्षा कर भगवान श्री राम व भाइयों का स्वागत किया। श्री राम जन्म भव्य शोभा यात्रा के दौरान श्री रामलीला समिति के प्रधान विनोद कुमार वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, वरिष्ठ उपप्रधान नवीन वर्मा, उप प्रधान सुयश वशिष्ठ, संरक्षक अनिल आजाद, रतन लाल, नन्हे, देवेंद्र अग्रवाल, डीके, रविंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी वरुण गोयल, विवेक सिंहल, चुनना, नवीन गुप्ता, अजय मुर्गी दाने वाले, मनीष मित्तल, विमल वर्मा, हरि प्रकाश, जिंदल गौरव, बजरंगी रवि गर्ग, मिलन टेंट प्रदीप वर्मा अतुल वर्मा, अनिल कुमार टोपी, माधव वर्मा, ऋतिक व हर्ष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने दिल्ली रोड स्थित शहीद स्मारक पर *₹वोट चोर गद्दी छोड़₹ हस्ताक्षर अभियान चलाया। लोगों ने बढ़ चढ़ाकर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया और अपने हस्ताक्षर कर चुनाव आयोग की गलत मंशा पर अपनी सहमति दर्ज कराई। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के दिशानिर्देशानुसार पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा हैं और लोग इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान के दौरान एक व्यक्ति शराब पीकर कार्यक्रम में घुस गया और मोदी जिंदाबाद, योगी जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। पुलिस प्रशासन के बीच यह घटनाक्रम चला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इस घटनाक्रम को बीजेपी की साजिश करार दिया हैं और कहा हैं कि इस घटनाक्रम को रोकने के लिए जब उन्होंने पुलिस प्रशासन की मदद लेनी चाही, तो एक दरोगा और सिपाही इस घटनाक्रम पर उपहास करने लगा। दरोगा और सिपाही द्वारा घटनाक्रम पर उपहास करने और मोदी, योगी समर्थक नशे में चूर व्यक्ति द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और कांग्रेस जनों ने कड़ी शब्दों में निंदा की हैं। उन्होंने कहा हैं कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से ही मोदी योगी समर्थक की कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में घुसकर गाली गलौज करना और अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करना बीजेपी की साजिश दिखाता हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और कांग्रेस जनों की इस घटनाक्रम पर पुलिस प्रशासन से बहसबाजी भी हुई और कहा कि आपके सहयोग से ही भाजपा समर्थकों की इतनी हिम्मत हुई कि वे कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान में खलल डाल सकें। घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश त्यागी, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण, ब्लॉक अध्यक्ष रढ कार्यालय पर पहुंचकर एडिशनल रढ विनीत भटनागर से मिले और घटनाक्रम की शिकायत की। अरढ विनीत भटनागर ने कहा हैं कि कार्यक्रम में खलल डालने वाले और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले नशे में चूर भाजपा समर्थित लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। अरढ विनीत भटनागर ने कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान में खलल डालने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के लिए दोनों आरोपियों को जेल में भेजने के लिए आदेश दे दिए हैं।

साथ ही घटनाक्रम पर हंसने वाले दरोगा और सिपाहियों पर कार्यवाही करने के तत्काल आदेश दे दिए हैं ।इस दौरान पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, सुबोध शास्त्री, डॉक्टर फराहीम, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र नागर, गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र त्यागी, ओमवीर नागर, कपिल शर्मा, गौरव गर्ग, कुसुम लता, जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद जाटव, सचिन कुमार, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष मोसीन सैफी, जिला महासचिव इकबाल प्रधान, हकीमुद्दीन, कुंवर मजहर खान, गोपाल भारती, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे.!

# मोदी कॉलेज के छात्रों का भारत मंडपम नई दिल्ली में शैक्षिक भ्रमण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन? मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के छात्र रसायन विज्ञान के प्रवक्ता और बीआई एस के मैटर राजीव कुमार के साथ भारत भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान मे प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल के निर्देशन में लगभग 55 छात्रों का एक दल भारत मंडपम नई दिल्ली भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित विभिन्न उत्पादों की एक अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रो टेक्निकल मानकीकरण प्रदर्शनी का भ्रमण किया। यह प्रदर्शनी भारत में इलेक्ट्रो टेक्निकल क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी प्रदर्शनी है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक मोबिलिटी स्मूथ लाइटिंग इलेक्ट्रॉनिक नवाचारों को प्रदर्शित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि वहां छात्रों ने भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमाणित उत्पाद देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जैसे इलेक्ट्रिकल व्हीकल जिसमे कार ,ट्रैक्टर ,स्कूटर, स्कूटी, ट्रक बिजली के बने विभिन्न उत्पाद ट्रांसफार्मर विभिन्न तरह की एलइडी लाइट वॉटर कूलर और फ्रिज आदि का गहन ज्ञान प्राप्त किया। सभी छात्रों ने इलेक्ट्रिकल वाहनों को और उनकी तकनीकी को बहुत जनता से देखा बड़ा आश्चर्य हुआ कि उन्होंने ऐसी गाड़ी को देखा जो सेंसर पर आधारित है जो बैठने पर ऑटोमेटिक बंद हो जाती है और उतरने पर वह खुल जाती हैट्रांसफार्मर वाले स्टॉल पर वहां उपस्थित इंजीनियरों ने उसके विषय में विस्तृत रूप से बताया दूसरे स्टॉल पर वाटर कूलर के विषय में जानकारी प्राप्त की उसे कंपनी ने ऐसा वाटर कूलर जो पूरा बीआई एस द्वारा प्रमाणित है और उसकी प्रत्येक पार्ट भी बीआई एस द्वारा प्रमाणित है और भारत में ही बने हुए हैं ऐसे वाटर कूलर के विषय में ज्ञान प्राप्त किया साथी ही साथ अदानी ग्रुप द्वारा एक दुनिया का सबसे बड़ा विंड पावर स्टेशन का भी ज्ञान प्राप्त किया भारतीय मानक ब्यूरो आइएसओ और हॉलमार्किंग जैसे वैश्विक मानक निकायों में भारत का प्रतिनिधित्व करता है मान्यता प्राप्त प्रयोशालाओं के माध्यम से उत्पाद परीक्षण और प्रशिक्षण आयोजित करता है बीआई एस उत्पादन और सेवाओं के लिए मानक निर्धारित करता है। भारतीय मानक ब्यूरो के रिसर्च पर्सन ठाकुर सचिन प्रताप सिंह भी छात्रों के साथ उपस्थित थे।



# जगन्नाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस मे एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में गोष्ठी का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** जगन्नाथ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस मोहम्मदपुर मोदीनगर में वन नेशन वन इलेक्शन एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर देवराज शर्मा जिला सहसंयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल एवं मुख्य वक्ता जो प्रदेश स्तर पर इस कार्य को देख रहे हंस चौधरी क्षेत्रीय संयोजक, एक राष्ट्र एक चुनाव उनके सहयोगी के रूप में विपुल शर्मा विधानसभा क्षेत्र संयोजक एक राष्ट्रीय चुनाव एवं मोदीनगर नगर पालिका से पार्षद दिलीप त्यागी प्रोफेसर नरेंद्र गौड जिला महामंत्री नवीन जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष आदि एवं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं युवा छात्र संगोष्ठी में कुछ विधानसभा के उद्यमी शिक्षा से जुड़े हुए शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं ने प्रतिभा किया एवं अपने-अपने विचार रखें कि कैसे एक राष्ट्र एक चुनाव से आम जनता, देश के नागरिकों को किस प्रकार से धन के अव्यय से बचाया जा सकता है।

# डॉ.अंबेडकर पुस्तकालय के 8 वे स्थापना दिवस पर बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर पुस्तकालय, आदर्श नगर कॉलोनी, मोदीनगर रोड, हापुड़ का 8 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बुद्ध वंदना के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थित साथियों और धम्मबंधुओं ने सहभागिता की। इस अवसर को विशेष बनाते हुए पुस्तकालय परिवार द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजने की व्यवस्था की गई।कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित साथियों ने पुस्तकालय के सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे जन-जागरूकता और समाज उत्थान का माध्यम बताया। साथ ही, सभी ने मिलकर पुस्तकालय के विकास में निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया। आयोजन में आए सभी सहयोगियों और धम्मबंधुओं के प्रति पुस्तकालय परिवार ने आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नमो प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नमो प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी सुंदर चित्रकारी के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित एक विशेष वीडियो भी प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह ने कहा आज हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कठिन संघर्षों के बाद देश सेवा का मार्ग चुना और भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने कहा मोदी का जीवन हमें परिश्रम, अनुशासन और देशभक्ति का अद्भुत संदेश देता है। चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा हम सब उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना करते हैं, ताकि वे इसी तरह देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाते रहें। मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक ललित त्यागी एडवोकेट, जिला महामंत्री युवा मोर्चा ने किया। इस अवसर पर सुचेता सिंह (ब्लॉक प्रमुख), डॉ. अरुण त्यागी (प्रधानाचार्य), अनिल त्यागी (चेयरमैन निवाड़ी), जितेंद्र चित्तौड़ा (जिला महामंत्री व संयोजक), प्रो. नवेंद्र गौड़ (जिला महामंत्री), अमित चौधरी, देवेंद्र चौधरी (जिला उपाध्यक्ष), देवेंद्र डायमंड, नवीन जयसवाल, अरुण त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष, आकाश शर्मा, सचिन त्यागी, नितिन मित्तल, देवराज शर्मा, जीत सिंह, अमितेज जैन, अनिल सैन, प्रशांत त्यागी, मयंक शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# हनुमान जी बुराइयों को सुधारते है के लिए और श्री राम भवसागर से तारने के लिए जन्म लेते हैं



वेलकम इंडिया

मुरादनगर, (अनिल वशिष्ठ)। श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में अंजनी मां के हुयो लाल बधाई पर बड़े उत्साह के साथ हनुमान जी के जन्म की कथा का उत्सव मनाया गया।

कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने हनुमानजी के जन्म की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव गुरुओं के परम गुरु हैं इसलिए शिव के अवतारी श्रीहनुमान जी गुरु की भूमिका में जन्म लेकर मनुष्यों की बुराइयों को सुधारते हैं।उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम अपनी जननी . जन्मभूमि और अपने धाम के लोगो को बहुत प्यार करते है और हमे संदेश देते है कि हमे भी अपने गाँव को तीर्थ समझना चाहिए उन्होंने भक्तों का आव्हान करते हुए कहा कि हमारा गांव हमारा तीर्थ है क्योंकि वह हमारे कुल देवता कुल देवी व पितरों का स्थान है।इसलिए हमें अपने गांव के उत्थान के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए। कथा में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, मोहन लाल ने व्यास पूजन किया कुंज बिहारी शर्मा, विश्वबन्धु सचदेवा, जितेंद्र अग्रवाल, अभिषेक मैत्री, नरेंद्र मोहन मिश्र (अधिशासी अधिकारी), वेदप्रकाश चौधरी, रजनीश चौधरी, प्रदीप शर्मा, राहुल राणा, ललित त्यागी, सूबे सिंह, मोनू धामा, दुष्यंत यादव, आलोक कौशिक, नीटू चौधरी, जितेंद्र चौधरी, नरेंद्र तोमर, लोकेश ढोडी, विनीत शर्मा, ध्यान सिंह उपस्थित रहे।

# श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर मे रामलीला 21 सितंबर से प्रारंभ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्री दुर्गा चैरिटेबल सोसायटी के तत्वाधान में श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर मे रामलीला 21 सितंबर से प्रारंभ होने जा रही है जो 3 अक्टूबर तक चलेगी। यह जानकारी देते हुए श्री दुर्गा चैरिटेबल सोसायटी के प्रबंधक जितेंद्र कुमार एवं सचिव हरीश कुमार ने बताया कि रामलीला 21 सितंबर से श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर कैम्पस, मोदीनगर मे प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। रामलीला श्री बालाजी आदर्श रामलीला व रासलीला संस्था ब्रज धाम मथुरा वृंदावन के कलाकार करेंगे।कार्यक्रम- 21 सितंबर रविवार को श्री गणेश पूजन, नारद मोह, 22 सितंबर सोमवार को रामजन्म, विश्वामित्र आगमन, 23-सितंबर मंगलवार गौरी पूजन, ताडका वध, 24-सितंबर बुधवार को अहिल्या उद्धार 25-सितंबर बृहस्पतिवार को धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद 26 सितंबर शुक्रवार को राम बारात (सीकरी मोदी बाग निकट मोदीनगर साउर्थ मेट्रो स्टेशन सायं 6 बजे से सोन्दा रोड कट तक), 27 सितंबर शनिवार को केक्ट संवाद, दशरथ मरण, 28 रविवार को भरत मिलन, शूर्पणखा नासिका भंग, 29 सितंबर सोमवार को सीता हरण, सुग्रीव मिलन, बाली वध, 30 सितंबर मंगलवार को लंका दहन, अंगद रावण संवाद, 01 अक्टूबर बुधवार को लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ कुम्भकरण वध, 02अक्टूबर बृहस्पतिवार को रावण वध, 03 अक्टूबर शुक्रवार को राम राज्याभिषेक कार्यक्रम किया जाएगा।इस मौके पर अशोक सिंघल, लचछी राम शर्मा, नवीन जायसवाल, अश्विनी गुप्ता, पंकज आदि उपस्थित रहे।



# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज मे हाउस सेरेमनी का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी में हाउस सेरेमनी का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के हेड बॉय के रूप में कक्षा 12 ह्यए के छात्र आयुष कुमार को नियुक्त किया गया। विद्यालय के चारों हाउस आर्यभट्ट हाउस भाभा हाउस कलम हाउस का रमन हाउस के कप्तान एवं वाइस कैप्टन भी पद स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त, विद्यालय अनुशासन एवं संचालन को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रत्येक हाउस से 10-10 परफेक्ट्स का चयन किया गया, जिन्होंने शपथ लेकर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को नेतृत्व, अनुशासन और सामूहिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अंशु सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारियाँ केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि विद्यालय के आदर्श मूल्यों को आगे बढ़ाने की बड़ी जिम्मेदारी भी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी छात्र अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी, लगन और अनुशासन के साथ करेंगे।




# थाना जहाँगीरपुरी की पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों में छीना-झपटी का मामला किया वर्कआउट

एहसान अंसारी

**नई दिल्ली:** थाना जहाँगीरपुरी पुलिस टीम ने एक स्नैचर (1) राहुल उर्फ चूहीया पुत्र मंगल सिंह, निवासी ङ-ब्लॉक, जहाँगीरपुरी, दिल्ली, आयु-24 वर्ष एवं 01 सीसीएल को गिरफ्तार कर शिकायतकर्ता का छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपी राहुल उर्फ चूहीया को आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पूर्व में 01 आपराधिक मामले में शामिल रहा है और आसान पैसे के लिए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था।

अपराध पर अंकुश लगाने और जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, थाना जहाँगीरपुरी के एचसी पुनीत व कॉन्स्टेबल कुलदीप को इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह, रत्नड/थाना जहाँगीरपुरी एवं श्री योगेन्द्र खोकर, एसीपी/जहाँगीरपुरी के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्र में गहन गश्त के लिए तैनात किया गया। दिनांक 16.09.2025 को लगभग 12:05 बजे रात, शिकायतकर्ता अपनी डिलीवरी बॉय की ड्यूटी समाप्त कर कंपनी वाहन से भलस्वा चौक पर उतरे और अपने घर की ओर पैदल जा रहे थे। जब वे मदर डेयरी, ङ-ब्लॉक, जहाँगीरपुरी के पास पहुँचे और मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे थे, तभी दो व्यक्तियों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया




तथा उनमें से एक ने उनका मोबाइल फोन छीना और मौके से फरार हो गए। बाद में एचसी पुनीत व कॉन्स्टेबल कुलदीप ने शिकायतकर्ता के साथ मिलकर आईटीआई झुग्गी की एक गली से दोनों स्नैचर्स का पता लगाकर पीछा किया और सीसीएल के कब्जे से शिकायतकर्ता का छीना हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपी राहुल उर्फ चूहीया पुत्र मंगल सिंह, निवासी ङ-ब्लॉक, जहाँगीरपुरी, दिल्ली, आयु-24 वर्ष को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में *थाना जहाँगीरपुरी में ऋकफ संख्या 834/25, दिनांक 16.09.25, धारा 304(2)/317(2)/3(5) इठर के अंतर्गत मामला दर्ज कर जाँच प्रारंभ की गई। सघन पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे क्षेत्र में आसान शिकार ढूँढने के लिए घूम रहे थे ताकि छीना-झपटी कर सकें। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी राहुल उर्फ चूहीया आदतन एवं सक्रिय अपराधी है।

# जवाहर लाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज ने आयोजित बैंड प्रतियोगिता में पाया स्थान

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा के साथ-साथ कला एवं संगीत के समन्वय को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जनपदीय स्तर की बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन आज जवाहर लाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, मुरादनगर में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता का संचालन समग्र शिक्षा अभियान, माध्यमिक गाज़ियाबाद के अंतर्गत किया गया, जिसमें जिले के अनेक विद्यालयों ने शानदार प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता बैगपाइप एवं ब्रास बैंड की श्रेणियों में बालक एवं बालिका वर्ग हेतु आयोजित हुई।जिसमे प्रथम स्थान सिल्वरलिंक पब्लिक स्कूल,

द्वितीय जवाहर लाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल रहा कार्यक्रम में नोडल अधिकारी हरीश कुमार एवं सोनी यादव व निर्णायक मंडल में के.पी.सिंह(सीआईएसएफ) तथा अन्य सम्मानित सदस्य रहे। मुख्य अतिथि सी. किशोर ,आयोजक प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू तोमर ने अपने विद्यालय की छात्राओं द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता ने बच्चों में संगीत, समर्पण और टीम भावना का संचार किया है। इसके अतिरिक्त जवाहर लाल मेमोरियल कॉलेज की प्रदेशीय स्तर पर फुटबॉल में 5, हॉकी-4 जिम्नास्टिक-3, हैंडबॉल 2 तथा मंडल स्तर पर शतरंज 4,क्रिकेट 6, तीरंदाजी 2 तथा वॉलीबॉल में 5 छात्रयों ने चयनित हो विद्यालय का गौरव बढ़ाया ।




## अध्यक्ष सरदार बलप्रीत सिंह को मिली अहम जिम्मदारी

# रविवार 21 सितंबर को ऐतिहासिक नमो मैराथन का आयोजन कराएंगे

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सरदार बलप्रीत सिंह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। मोर्चा का अध्यक्ष बनने के बाद से ही वे पार्टी से युवाओं को जोडकर उसे मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। इसी के चलते अब पार्टी ने उन्हें बहुत ही अहम जिम्मेदारी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत नशा मुक्त भारत के लिए रविवार 21 जून को नमो मैराथन नमो युवा रन का आयोजन किया जाना है और इसका संयोजक सरदार बलप्रीत सिंह को बनाया गया है और वे मैराथन को एतिहासिक बनाने के लिए वे दिन-रात मेहनत करने में लगे हैं। बुधवार को उनकी अध्यक्षता में नवयुग मार्केट के अन्नपूर्णा बैंकट हाल में बैठक का आयोजन भी किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल रहे। मयंक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत ही नहीं पूरे विश्व को नई दिशा-दशा दी है। यही कारण है कि उनका 75 वां जन्मदिन विश्व भर में उत्सव के रूप में मनाया गया। गाजियाबाद में उनका जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है और इसके तहत भारत को नशा मुक्त करने के लिए नमो मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसे हम सभी को सफल बनाना है। सरदार बलप्रीत सिंह ने कहा कि रविवार 21 सितंबर को होने वाली नमो मैराथन नमो युवा रन ऐतिहासिक रहेगी और उसमें गाजियाबाद के यूपी बोर्ड से लेकर सीबीएसई स्कूल तक के छात्र-छात्राएं भी भाग लेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने यूपी बोर्ड व सीबीएसई स्कूलों के साथ ऑनलाइन बैठक भी की है जिसमें सभी स्कूलों के प्रबंधकों ने कहा कि वे मैराथन में भाग लेकर उसे सफल बनाएंगे। मैराथन की थीम आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया व नशा मुक्त भारत रहेगी। मैराथन में 8 हजार प्रतिभागियों के भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है। मैराथन में स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के अलावा खिलाडी व प्रोफेशनल भी भाग लेंगे और यह 3 किमी की होगी। मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश त्यागी ने मैराथन को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।





## गैस एजेंसी आवंटन का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साइबर थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो नौकरी दिलाने और गैस एजेंसी आवंटन करने का झांसा देकर आवेदकों से शुल्क के नाम पर ठगी करता था। देश की नामचीन गैस आपूर्ति करने वाली कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर आवंटन के नाम पर 15 से 70 लाख रुपये तक रजिस्ट्रेशन और अन्य शुल्क आदि के नाम पर ट्रांसफर करा लेते थे। सात राज्यों में इस गिरोह ने गैस एजेंसी आवंटन और नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लोगों से करीब 30 लाख रुपये की ठगी की है जबकि इनके पास से 337 गैस एजेंसी के लिए आवेदन करने वाले लोगों के दस्तावेज बरामद हुए हैं।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि एनसीआरबी पोर्टल पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र से दक्षिण भारत में साइबर ठगी की घटनाओं की शिकायत अपलोड की गई। शिकायतों में दर्ज मोबाइल नंबर को ट्रेस किया गया तो गिरोह के चार सदस्य पकड़े गए हैं। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम राहुल यादव (34) निवासी अकबरपुर बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, शुभम सिंह चौहान (29) निवासी सिकंदर कम्पू हरगोविंद का खेत गिर्द ग्वालियर मध्य प्रदेश हाल पता होमटेक ग्लोबल सेक्टर-73 शरफाबाद गौतमबुधनगर, हेमेंद्र सिंह (25) निवासी ग्राम मोहनपुरा थाना काशी रामनगर जनपद कासगंज, हाल पता सिद्धार्थ विहार थाना विजयनगर और रविंद्र कुमार (28) निवासी ग्राम हसौना जगमोहनपुर थाना गांगीरी जनपद अलीगढ़, हाल पता बागू चर्च वाली गली विजयनगर बाईपास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक बताया है। इनसे 11 मोबाइल, छह चेकबुक, एक पासबुक, आठ डेबिट कार्ड और एक कार बरामद हुई है।

## गाजियाबाद कोर्ट से मनोज धामा पर मुकदमा दर्ज करने का हुआ आदेश जारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कोर्ट से बीएनएसएस 174 (4) के तहत पूर्व चेयरमैन लोनी , मनोज धामा पर थाना लोनी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया वादी प्रदीप बंसल के अधिवक्ता विजय कुमार की तरफ से मामले को कोर्ट में पेश किया गया पूरा प्रकरण बीते मार्च महीने में वायरल हुए वीडियो से जुड़ा है जिसमें बताया जा रहा है लोनी से विधायक नंद किशोर गुर्जर के विषय अभद्र टिप्पणी की गई है वादी वर्तमान विधायक के प्रतिनिधि है। वादी के अधिवक्ता की ओर से अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 1 में मामले से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए गए जिनका अवलोकन करने के उपरांत मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना के आदेश जारी किया गया है।

## विधायक ने चौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया

**लोनी।** गुलाब वाटिका कॉलोनी में जन चौपाल लगाकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोगों की समस्याओं को सुना। विधायक ने दिव्यांगजन को ट्राइसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, बुजुर्गों को छड़ी वितरित की। इसके बाद विधायक ने करीब 20 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक ने बताया कि लोगों की बिजली, राशन कार्ड, जल निकासी व कानून व्यवस्था आदि से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण किया। विधायक ने कहा कि आज लोनी की छवि बदली है। हजारों करोड़ों रुपये के विकास कार्य से लोनी विकास के पथ पर अग्रसित है। कुछ जलनिकासी जैसी समस्याएं जरूर है, जिनके समाधान की दिशा में भी कार्य शुरू किए जा चुके है। दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का निर्माण जल्द शुरू होने का आश्वासन दिया। स्कूलों के आधारभूत ढांचों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी काफी सुधार आया है हमने विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे जनपद में सबसे पहले कोरोना की लड़ाई जीती।

## प्रेमिका के शौक पूरे करने को बना चेन स्नेचर साथी सहित गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**डासना।** वेव सिटी क्षेत्र में महिला दुकानदार के गले से दो सोने की चेन और पेंडल झपटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाश बादल ने बताया कि वह अपनी प्रेमिका के महंगे शौक पूरे करने के लिए साथी कृष कुमार के साथ चेन स्नेचिंग करता है। बादल पर अलग-अलग थानों में 18 मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम बादल यादव (24) निवासी पुलिस चौकी कमला हॉल थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक और कृष कुमार(24) निवासी गिरधरपुर थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर बताए हैं। उनके कब्जे से महिला दुकानदार से झपटे गए आभूषण भी बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी गाजियाबाद में वारदात करने के बाद नोएडा भाग जाते और वहां से फिर गाजियाबाद लौट आते थे, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके।

## रुपये के लेनदेन के लिए ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

**मोदीनगर।** नगर के मोदीपोन रोड स्थित कार्यालय के बाहर बैठे ट्रांसपोर्टर पर आरोपी ने रुपये के लेनदेन में धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में ट्रांसपोर्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। राजेंद्र नगर कॉलोनी की रहने वाली सुनीता देवी के अनुसार उनके पति संजय ट्रांसपोर्टर हैं। संजय का मोदीपोन रोड पर कार्यालय है। बताया कि बुधवार शाम संजय कार्यालय के बाहर बैठे हुए थे। इसी बीच एक व्यक्ति वहां पहुंचा और रुपये के लेनदेन के लिए संजय से झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने संजय पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। संजय अचेत होकर गिर गए। भीड़ को आता देख आरोपी वहां से भाग गया। घायल ट्रांसपोर्टर की हालत गंभीर बताई जा रही है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर के अनुसार कुट्टी वाला पंडित निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## डेंगू के पांच नए केस मिलने के साथ ही मरीजों की संख्या हुई 102



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में डेंगू बुखार लगातार बढ़ता जा रहा है। बृहस्पतिवार को डेंगू के पांच नए मरीजों की पुष्टि के साथ ही कुल मरीजों की संख्या 102 हो गई है। बुधवार को भी छह नए मामले सामने आए थे। जिला स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू से ठीक होने के बाद भी कई मरीज 15 से 20 दिन तक कमजोरी और थकान से परेशान हो रहे हैं। अगस्त की तुलना में सितंबर के शुरूआती 15 दिनों में ही डेंगू के मामलों में वृद्धि हुई है। इस महीने में अब तक 40 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच की प्रक्रिया तेज कर दी है। अधिकारियों का मानना है कि इस बार बारिश अधिक होने की वजह से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं, जिससे बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ. शिवि अग्रवाल ने बताया कि वायरल बुखार के मरीजों की संख्या भी सरकारी व निजी अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए एलाइजा सहित अन्य जरूरी जांचें शुरू कर दी गई हैं।

### कमजोरी बनी बड़ी चुनौती

एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन का कहना है कि डेंगू से ठीक होने के बाद भी कमजोरी और थकावट एक बड़ी समस्या बन रही है। यह कमजोरी 15 से 20 दिन तक बनी रह सकती है। इसलिए मरीजों को संतुलित आहार, भरपूर पानी और आराम की सलाह दी जा रही है। डेंगू से बचाव के लिए जरूरी है कि लोग पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और घर के आस–पास साफ–सफाई बनाए रखें।

## तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने महिला को मारी टक्कर

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र स्थित शालीमार सिटी निवासी जैविंदर सिंह राणा की मां राजवती को कॉलोनी के अंदर ही तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। 12 सितंबर की रात हुए हादसे में उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ पुलिस ने 17 सितंबर की रात मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज मुकदमे में जैविंदर सिंह राणा ने बताया कि उनकी मां दिल्ली स्थित मंडोली के बुध विहार में परिवार के साथ रहती हैं। 12 सितंबर को वह उनके घर आई थीं।

## उद्घाटन के दूसरे दिन प्राइवेट वार्ड में लटक गया ताला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर एमएमजी अस्पताल में जोर-शोर से किए गए प्राइवेट वार्ड के उद्घाटन के दूसरे दिन ही बाहर ताला लटक गया। जबकि दावा किया गया था कि सभी छह वार्डों में मरीजों को भर्ती किया जाएगा। इससे एक तरफ मरीजों को निजी अस्पताल की तर्ज पर भर्ती किया जाएगा, वहीं दूसरी तरफ अस्पताल की आय भी बढ़ेगी।

अस्पताल के प्राइवेट वार्ड के मरम्मत का कार्य गुडलक इंडिया लिमिटेड की ओर से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड से कराया गया है। वार्ड को प्राइवेट अस्पताल के वार्ड की तरह तैयार करने के साथ ही इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें एसी भी लगाई गई है। एक वार्ड में एक मरीज के भर्ती होने के साथ ही तीमारदार के रुकने की व्यवस्था और हर वार्ड में शौचालय, किचन और नहाने की व्यवस्था है। बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने फीता काटकर उद्घाटन किया था।

उस समय जिले के चारों विधायक, मंत्री सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सीएमएस डॉ. राकेश कुमार का कहना है कि वार्ड पूरी तरह से तैयार है। अगर वार्ड में मरीज भर्ती होना चाहेंगे तो खोल दिया जाएगा। सीएमएस ने बताया कि वार्ड में भर्ती होने के लिए रोजाना पांच सौ रुपये की फीस तय की गई है। जबकि अस्पताल के सामान्य वार्ड में भर्ती मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है।




## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद रेलवे फ्लाईओवर के पास सात सितंबर को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल कनावनी के मोहिनुद्दीनपुर निवासी सुंदर की 16 सितंबर को जीटीबी में मौत हो गई। पुलिस ने युवक के भाई सूरज कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज मुकदमे में सूरज कुमार ने बताया कि वह मूलरूप से बस्ती वालटरगंज स्थित देईपार खुर्द गांव के रहने वाले हैं। यहां रहकर वह मजदूरी करते हैं। सात सितंबर को उनका भाई सुंदर भी काम करके बाइक से वापस घर लौट रहा था।

साहिबाबाद रेलवे फ्लाईओवर के पास पीछे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सुंदर की बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल सुंदर को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत के चलते उसे जीटीबी रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान 16 सितंबर को सुंदर की मौत हो गई। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में अज्ञात वाहन दिखाई दिया है। उसे ट्रेस किया जा रहा है।

## नोएडा पुलिस ने देश के दस राज्यों से बरामद 101 मोबाइल फोन वापस कर लोगो के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर की सेंट्रल नोएडा पुलिस द्वारा लोगों के गुम हुए 101 से अधिक स्मार्टफोन को पुलिस ने असली मालिकों तक पहुंचाकर चेहरों पर मुस्कान लौटाई है । सर्विलांस सेल और फेज-दो थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दस राज्यों से यह फोन बरामद किए। गुरुवार को फेज-दो थाने पहुंचकर गुम हुआ मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेंट्रल नोएडा के विभिन्न थानों में गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतें दर्ज थीं। इन घटनाओं के संबंध में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन मोबाइल फोन को सर्विलांस के माध्यम से ट्रैक किया और गुरुवार को उनके असली मालिकों को वापस लौटाया। इन मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए पहले नोएडा के सभी थानों में पिछले कुछ समय में दर्ज फोन चोरी की शिकायतों को खंगाला गया। इसके बाद इन फोन के ईएमआई नंबरों के जरिये इनकी लोकेशन का पता लगाया गया।

